शिक्षा शास्त्रोक्त विधि से आचार्य पाद जिसने वेदादि ग्रन्थों का अध्ययन किया है, वे ही शिक्षाविद् अध्यापक वेदज्ञानपिपासु छात्रों को षड्गादि स्वर युक्त हाथ की सहायता से स्वरों का सम्यक प्रदर्शन कराते हुए वेदमन्त्रों का स्वशाखा पूर्वक अध्यापन करें ।

**गृहीतग्रन्थ एवं तु ग्रन्थोच्चारणशिक्षकान्।**
**हस्तेनाध्यापयेच्छिष्यान्शैक्षेण विधिना द्विजः॥** [२]

### ९. वेदाध्ययन में सर्वसामान्य-छात्र अर्हता विचार

नारदीयशिक्षा के अनुसार वेदाध्ययन में सर्व सामान्य अर्हता के विषय में बतलाया गया है कि छोटी-छोटी बातों पर क्रोध करने वाले, हठ करने वाले, आलस्य करने वाले, लगातार रोगग्रस्त रहने वाले तथा चंचल मन वाले मनुष्य को विद्याध्ययन नहीं करानी चाहिए।

**पञ्च विद्यां न गृह्णन्ति चण्डाः स्तब्धाश्च ये नराः।**
**अलसाः श्वासनरोगाश्च येषां च विस्तृतं मनः॥** [३]

---

१ नारदीय शिक्षा १.६.२१

२ नारदीय शिक्षा १.६.२२

३ नारदीय शिक्षा २.८.१४

## १०. नित्य विद्याभ्यास का महत्त्व-निर्देश

विद्याध्ययन में धैर्य की परम आवश्यकता होती है। शास्त्रों में बतलाए नियमानुसार नित्य विद्याभ्यास करने से विद्यार्थी परमज्ञानी बन जाता है साथ ही वह अपने परमलक्ष्य तक बहुत ही आसानी से उसी प्रकार पहुँच जाता है जैसे पर्वतारोही धीरे-धीरे पर्वत की सबसे ऊँची चोटी तक पहुँच जाता है।

इसी तरह एक असहाय छोटी चींटी एक-एक पग चलकर हजारों योजन (कोश) की दूरी पार कर लेती है । परन्तु इसके विपरीत यदि विचार करें तो एक उडने में सामर्थ्यवान गरुडपक्षी आलस्य के कारण एक पग चलने में असमर्थ होता है।

**शनै र्विद्यां शनैरर्थां नारोहेत्पर्वतं शनैः।**
**शनैरध्वसु वर्तेत योजनानां परं व्रजेत्॥**

**योजनानां सहस्रां तुणि शनैर्याति पिपीलिका।**
**अगच्छन् वैनतेयोऽपि पदमेकं न गच्छसि॥** [1]

## ११. आर्चिक एवं गानस्वर विवेचन

"ऋच्यव्यूढं सामगीयते" छान्दोग्योपनिषद् के इस वचन के अनुसार ऋचाओं पर ही षड्जादि स्वरों का आरोह-अवरोह क्रिया करके साम का विशेष गायन होता है। इस प्रकार सामवेद में दो संहिताएँ पठित है। १. आर्चिकसंहिता, २. गानसंहिता।

## १२. आर्चिकसंहिता के उदात्तादिस्वर

नारदीयशिक्षा के अनुसार आर्चिक संहिता में तीन स्वर होते हैं। १. उदात्त, २. अनुदात्त ३. स्वरितस्वर ।

**अत ऊर्ध्वं प्रवक्ष्यामि आर्चिकस्य स्वरत्रयम्।**
**उदात्तश्चाऽनुदात्तश्च तृतीयः स्वरितः स्वरः ॥** [2]

## १३. आर्चिक संहिता के उदात्तादिस्वर में अन्तर्भूत गान संहिता के सप्तस्वर

ऋक संहिता के तीन स्वर (उदात्त-अनुदात्त-स्वरित) में ही गान संहिता के सात स्वर समाहित होते हैं ।

१. उदात्त स्वर में – निषाद एवं गान्धार गान स्वर।

---

१ नारदीय शिक्षा २/८/१५-१६

२ नारदीय शिक्षा १/८/१

२. अनुदात्त स्वर में – ऋषभ एवं धैवत गान स्वर ।

३. स्वरित स्वर में – सङ्गीत स्वर के षड्ज, मध्यम एवं पञ्चम स्वर अन्तर्भूत होतें हैं ।

**उदात्ते निषाद-गान्धारावनुदात्त ऋषभ-धैवतौ।**
**स्वरित प्रभवा ह्येते षड्ज-मध्यम-पञ्चमाः॥** [१]

**१४. क्रुष्टादि अथवा प्रथमादि गाथिक स्वरों का विवेचन**

सामगान के लिए सप्तस्वरों की परिगणना आरोह (नीचे से बढते क्रम में) इस रुप में की गई है। १. प्रथमः, २. द्वितीयः, ३. तृतीयः, ४. चतुर्थः, ५. मन्द्रः, ६. अतिस्वारः, ७. क्रुष्टः ।

इसमें अवरोह क्रम (ऊपर से घटते क्रम में) से इस प्रकार बताया गया है - १. क्रुष्ट (सप्तम), २. प्रथम, ३. द्वितीय, ४. तृतीय, ५. चतुर्थ, ६. मन्द्र, ७. अतिस्वार इन्हीं सप्त स्वरों को सामगान करने वाले विद्वान लोग हाथों में प्रदर्शित करते हैं। साथ ही भाषिक सूत्रग्रन्थ के अनुसार सामवेद के इन सप्त स्वरों को षड्जादि नाम से भी पढा गया है।

**सप्त साम्नाम् , षड्जर्षभगान्धारमध्यमपञ्चम धैवतनिषादाः।** [२]

उपर्युक्त क्रुष्टादि सप्त सामिक स्वरों की चर्चा सामवेदीय सामविधान ब्राह्मण (१/१/१/८) ...... (१/१/५/१४) वृहद्देवता ग्रन्थ में भी "वैश्वदेवः स्वरः क्रुष्टो नित्यं यो ..... (८/११६/१२०)

तैत्तिरीय प्रातिशाख्य ग्रन्थ में भी क्रुष्टादि सप्त स्वरों कि चर्चा की गई है, **क्रुष्ट-प्रथम-द्वितीय-तृतीय-चतुर्थ-मन्द्राऽतिस्वार्याः।** [३]

इसी प्रकार सामवेदीय संहितोपनिषद् में, पुष्पसूत्र में एवं सामतन्त्र ग्रन्थों में क्रुष्टादि स्वरों का उल्लेख बहुत ही स्थानों पर किया गया है। परन्तु इन क्रुष्टादि सप्तस्वरों के उत्पत्ति के विषय में चर्चा किसी भी ग्रन्थ में उपलब्ध नहीं मिलता है।

भाषिक सूत्र को आधार लेकर सामवेद स्वरों को षड्जादि नाम से मानकर नारदीय शिक्षा में षड्जादि स्वरों की चर्चा विशेष रूप से की गई है, सङ्गीत शास्त्र में सप्त स्वरों का ग्रहण षड्जादि रुप में ही किया गया है। यदि क्रुष्टादि स्वरों से षड्जादि स्वरों की समानता करें तो निष्कर्ष यह प्राप्त होता है कि षड्जादि स्वर नामकरण वीणा-वाद्य स्वर के लिये किया गया है ।

**यः सामगानां प्रथमः स वेणो मध्यमः स्वरः।**
**यो द्वितीयः स गान्धारस्तृतीयस्त्वृषभः स्मृतः॥**

---

१ नारदीय शिक्षा १/८/८

२ भाषिकसुत्रे ३/१६-१७

३ तैत्तिरीय प्रातिशाख्य २३/१४

**चतुर्थः षड्ज इत्याहुः पञ्चमो धैवतो भवेत् ।**
**षष्ठो निषादो विज्ञेयः सप्तमः पञ्चमः स्मृतः ॥**[1]

### १५. षड्जादि सप्तस्वरों का नाम

षड्ज, ऋषभ, गान्धार, मध्यम, पञ्चम, धैवत, निषाद ये सप्त वाद्ययन्त्रक स्वर है। इन्हीं स्वरों के आपसी तालमेल से सामगान किया जाता है। सामसङ्गीत में गीत, वाद्य एवं नृत्य तीनों ही एकीभाव से पढा जाता है। इसमें क्रुष्टादि-सामगान स्वर, षड्जादि-वीणादि वाद्य स्वर (गात्र वीणा स्वर-अँगुलियों का प्रदर्शन) तथा नृत्यरूप में अँगुलियों को उदात्तादि (बलाघातादि) प्रदर्शन करके सामसंगीत रूप में प्रदर्शित करते हैं ।

**षड्जश्च ऋषभश्चैव गान्धारो मध्यमस्तथा ।**
**पञ्चमो धैवतश्चैव निषादः सप्तमः स्वरः ॥**[2]

गीतं, वाद्यं तथा नृत्यं त्र्यंसङ्गीतमुच्यते

**गेति गेयं विदुः प्राज्ञा धेति कारुप्रवादनम् ।**
**वेति वाद्यस्य संज्ञेन गान्धर्वस्य विरोचनम् ॥**[3]

**गात्रवीणा तु सा प्रोक्ता यस्यां गायन्ति सामगाः ।**
**स्वरव्यञ्जनसंयुक्ता अङ्गुल्यङ्गुष्ठरञ्जिता ॥**[4]

### १६. आचार्य द्वारा (नूतनपाठ-दान ) सन्था विधान

आचार्य द्वारा नूतन मन्त्रपाठ देने एवं कण्ठस्थीकरण की विधि १०० सन्था एवं १००० आवृति रूप में शिक्षाग्रन्थों में वर्णित है। इन्हीं के साथ दोनों विधियाँ (१०० सन्था एवं १००० आवृति) समायोजित है। वेदाध्ययन परम्परा में पाठ-सन्था देने की विधि अपने अपने गुरुपरम्परा अनुसार सर्वमान्य है । इसमें मुख्य रूप से दो परम्परा वर्त्तमान में सञ्चालित  है।

(क) दश सन्था देने की परम्परा - (१०० पाठ की आवृति)

(ख) षोडश सन्था देने की परम्परा - (१०० पाठ की आवृति)

१ नारदीय शिक्षा १.५.१-२

२ नारदीय शिक्षा १.२.५

३ नारदीय शिक्षा १.४.१२

४ नारदीय शिक्षा १.६.२

**(क) दश (सन्था) देने की परम्परा** -

यह परम्परा सामवेद कौथुम शाखा के गानसंहिता में सुप्रचलित है। इस परम्परा में आचार्य किसी भी खण्ड अथवा अर्द्ध प्रपाठक का प्रतिदिन एक पाठ देता है, इसमें आचार्य खण्ड/ अर्द्धप्रपाठक के प्रति मन्त्रों के प्रत्येक पदों को एक एक बार बोलता है, गुरुओं द्वारा बोले गए इन प्रत्येक पदों को छात्रगण दो-दो बार उच्चारण करते हैं।

दश दिनों में प्रायशः सभी छात्र नए पाठों का उच्चारण सम्यकतया ग्रहण कर लेते हैं। अग्रिम नए पाठों का यही क्रम चलते रहता है तथा इन्हीं नए पाठों के १० दिनों में ही पुराने पाठों की १०० सन्था की जाती है।

दश दिन के पाठ देने के बाद भी छात्रों में कतिपय स्वर-वर्णोच्चारणादि दोष रह जाता है १० दिनों १० पाठ लेने के बाद आचार्य अपने निगरानी में ११वें दिन से १०० सन्था (प्रति मन्त्र को प्रतिदिन १०-१० बार) की आवृति छात्रों द्वारा करवाता है।

**दश सन्था पाठ करने का क्रम उदाहरण पूर्वक समझे -**

१. **प्रथम दिन** - खण्ड/अर्द्धप्रपाठक के प्रति मन्त्रों की १० आवृति अगले मंत्र के प्रतीक सहित

उदाहरण - "ओग्नाई से लेकर हिषि" -------"अग्न आयाहिवी" (प्रतीक रूप में) प्रति मंत्रों में यही क्रम रहेगा।

२. **द्वितीय दिन** - खण्ड/अध्याय के प्रति मन्त्रों की १० आवृति (अगले मंत्र के प्रतीक सहित)

३. **तृतीय दिन** - खण्ड/अध्याय के प्रति मन्त्रों की १० आवृति (अगले मंत्र प्रतीक सहित)

४. **चतुर्थ दिन** - खण्ड/अध्याय के प्रति मन्त्रों की १० आवृति (अगले मंत्र के प्रतीक सहित)

५. **पञ्चम दिन** - खण्ड/अध्याय के प्रति मन्त्रों की १० आवृति (अगले मंत्र के प्रतीक सहित)

६. **षष्ठ दिन** - खण्ड/अध्याय के प्रति मन्त्रों की १० आवृति (अगले मंत्र के प्रतीक सहित)

७. **सप्तम दिन** - खण्ड/अध्याय के प्रति मन्त्रों की १० आवृति (अगले मंत्र के प्रतीक सहित)

८. **अष्टम दिन** - खण्ड/अध्याय के प्रति मन्त्रों की १० आवृति (अगले मंत्र प्रतीक सहित)

९. **नवम दिन** - खण्ड/अध्याय के प्रति मन्त्रों की १० आवृति (अगले मंत्र के प्रतीक सहित)

१०. **दशम दिन** - खण्ड/अध्याय के प्रति मन्त्रों की १० आवृति (अगले मंत्र प्रतीक सहित)

कुल -१०० आवृति

**(ख) षोडश सन्था देने की परम्परा -**

"षोडश सन्था देने की यह परम्परा" ऋग्वेद के साथ प्रायशःसभी शाखाओं में प्रचलित है। १० एवं षोडश सन्थाओं के दोनों पद्धतियों से शिक्षा वचन का नियम पालन हो जाता है एवं १०० आवृति सङ्ख्या भी पूर्ण हो जाती है।इनमें षोडश सन्था अल्प मेधावी छात्रों के लिए रामबाण के बराबर है। इसमें मन्त्रों के छोटी से छोटी इकाई चरण, अर्द्ध आदि अनेकों सम्भागों में बोला जाता है, इससे कठीन से कठीन पादों का सस्वर उच्चारण अल्पमेधा वाले छात्र भी आसानी से कर लेता है।

षोडश सन्था पद्धति को उदाहरण पूर्वक इस प्रकार समझा जा सकता है।

(१) "चरणसन्था" - कुल - ४ सन्था, खण्ड के प्रत्येक चरणों को ७-७ बार बोलना है। (७ बार पाठ × ४ सन्था = २८ पाठ) में चरणसन्था की पूर्णता।

उदाहरण - अग्न आयाहि वीतये

(२) "अर्द्धसन्था" - कुल - ४ सन्था, खण्ड के प्रत्येक अर्द्धों को ७-७ बार बोलना है।

(७ बार पाठ × ४ सन्था = २८ पाठ) में अर्द्धसन्था की पूर्णता।

उदाहरण - अग्न आयाहि वीतये गृणानो हव्यदातये।

(३) "पूर्णमन्त्रसन्था"- कुल - ४ सन्था, खण्ड के प्रत्येक मन्त्रों को ७-७ बार बोलना है। प्रतीक रूप में अगले मंत्र के आदि चरण लेकर।(७ पाठ × ४ सन्था = २८ पाठ) में पूर्णमन्त्र सन्था की पूर्णता।

उदाहरण - अग्न आयाहि वीतये गृणानो हव्यदातये। नि होता सत्सि बर्हिषि॥

"त्वमग्ने यज्ञानां होता" (प्रतीक रूप में)

(४) "अर्द्धखण्डसन्था - कुल २ सन्था, खण्ड के प्रत्येक अर्द्ध खण्डों को ७-७ बार बोलना है। (७ बार पाठ × २ सन्था = १४ पाठ) में अर्द्धखण्ड सन्था की पूर्णता।

उदाहरण - अग्न आयाहि वीतये से लेकर अर्द्ध खण्ड तक एवं (अगला मन्त्र प्रतीक सहित)

(५) "पूर्णखण्डसन्था - कुल २ सन्था, सम्पूर्ण खण्ड को ७-७ बार बोलना है। (७ बार पाठ × २ सन्था = १४ पाठ) में "सम्पूर्ण खण्ड सन्था की पूर्णता।

उदाहरण - "अग्न आयाहि वीतये से लेकर देवो ह्यसि नो दृशे" तक (अगला मन्त्र प्रतीक सहित) "नमस्ते अग्न ओजसे"

**नोट** - उक्त दोनों सन्थाओं में सामवेद संहिता के गान के लिए १० सन्था का विधान एवं आर्चिक के लिए १६ सन्था पद्धति का विधान सर्वोत्तम स्वीकार किया गया है।

**१७. आर्चिक व गान संहिता वेदारम्भ का विचार**

प्रारम्भिक दिनों में बालकों के लिए सामवेद गान संहिता में सप्तस्वरों के अपेक्षा आर्चिक संहिता के उदात्तादि तीन स्वरों को पढना एवं समझना आसान होता है। साथ ही शास्त्रों में ऋचाओं पर ही सामगान करने का निर्देश है -"ऋच्यध्यूढं सामगीयते" अतः सामवेदी छात्रों के सहजता के लिए सर्वप्रथम आर्चिकसंहिता से वेदारम्भ करनी चाहिए।

प्रारम्भिक दिनों में पाठ देने से संबन्धित कतिपय अन्य सुधार आपेक्षित है जिससे अध्ययन-अध्यापन सुदृढ हो सकें। आवश्यकतानुसार प्रारम्भिक दिनों में आधे अथवा एक खण्ड ही पढावें। क्योंकि शास्त्रों में धीरे-धीरे विद्याभ्यास करने का निर्देश मिलता है।

**शनै र्विद्यां शनैरर्था नारोहेत्पर्वतं शनैः।**
**शनैरध्वसु वर्तेत योजनानां परं व्रजेत्॥**[1]

**शनैः पन्थाः शनैः कन्था शनैः पर्वतलङ्घनम्।**
**शनैर्विद्या शनैर्वित्तं पञ्चैतानि शनैः शनैः॥**

**१८. दीर्घकालीन मन्त्रकण्ठस्थीकरण हेतु सहस्रावृति करने की विधि**

संसार के सर्वसाधारण समस्त विद्याओं को कण्ठस्थ करने की विधि वेदाङ्गशिक्षा में वर्णित है। "शतशः परिकीर्तिताः" इस शास्त्र प्रमाण द्वारा नारदीयशिक्षा में वर्णन किया गया है कि जिस विद्या या मन्त्र को १०० बार की आवृति (सन्था) कर ली जाय वह विद्या तात्कालिक समय के लिए कण्ठस्थ हो जाती है। साथ ही शतावृति (१०० बार) किए गए संथा-पाठ को यदि एक सहस्र (१०००) बार की आवृति कर लिए जाय तो वह विद्या उसी प्रकार बिना प्रयास से जिह्वाग्र से उच्चरित हो जाएगी, जिस प्रकार ऊँचे स्थान से पतित जल स्वत: नीचे भाग में प्रवाहित हो जाता है। इस प्रकार से कण्ठस्थीकरण के दो पक्ष हैं- (क) शतावृति एवं (ख) सहस्रावृति

**सहस्रगुणिता विद्या शतशः परिकीर्तिता।**
**अगमिष्यन्ति जिह्वाग्रे स्थलान् निम्नमिवोदकम्॥**[2]

१ नारदीय शिक्षा २.८.१५

२ नारदीय शिक्षा २.८.२

**(क) शतावृति (१०० सन्था) करने की विधि**

शत आवृतिक्रम को हमें इस प्रकार समझनी चाहिए - किसी भी अध्याय या खण्ड को सम्यक स्वरोच्चारणादि ज्ञान आने तक आचार्य (गुरु) द्वारा हम १० पाठ की सन्था ग्रहण करते हैं, जो पूर्व में बतलाया जा चुँका है । इन १० पाठों के ग्रहण में ही वह अध्याय लगभग एक चौथाई भाग कण्ठस्थ हो जाता है। शेष भाग कण्ठस्थ करने के लिए ११वें दिन से प्रतिदिन उस अध्याय या खण्ड के प्रति मन्त्रों को १०-१० बार बोलकर संथा लगावे साथ ही प्रतिसंथा में अगले मन्त्र के प्रथम पद-चरण तक प्रतीक रूप में जरूर बोलें ताकि अगले मन्त्रों से जुडाव होते रहे, (प्रति मन्त्र का १० आवृति × १० दिन = कुल १०० आवृति ) इस विधि से वह अध्याय या खण्ड मन्त्र तात्कालिक समय (कुछ सप्ताह या माह) के लिए कण्ठस्थ हो जाता है ।

**(ख) सहस्त्रावृति (१००० आवृति करने की विधि)**

१०० की आवृति होने के बाद वह मन्त्र दीर्घकालीन समय के लिए कण्ठस्थ रहें एतदर्थ "सहस्त्रगुणिताविद्या" की बात कही है। तात्कालिक कण्ठस्थ मन्त्र को दीर्घकालीन समय के लिए कण्ठस्थ रखने हेतु प्रत्येक मास के प्रतिपक्षों में आद्योपान्त (संहिता के प्रारम्भ खण्ड/अध्याय) से सम्पूर्ण एक आवृति करना परमावश्यक है। इस प्रकार १ माह में २ आवृति, कुल १२ माह में २४ आद्योपान्त आवृति होगी। १ वर्ष में २४ आद्योपान्त आवृति, कुल ३० वर्षों में लगभग १००० आद्योपान्त आवृति हो जाएगी। इस प्रकार १००० की संख्या पूर्ण होने पर वह विद्या मृत्यु पर्यन्त अथवा जन्म-जन्मान्तर तक हमें कण्ठस्थ रहती है।

ज्योतिष शास्त्र के अनुसार चन्द्रमाँ मन का कारक होता है, चन्द्रमाँ के कृष्णपक्ष अज्ञानता एवं अविद्या का द्योतक है, प्रत्येक पक्ष में यह अविद्यारूपी कृष्णपक्ष (१५ दिन) मन के ज्ञान अथवा विद्या को दूषित कर देता है फलस्वरूप कण्ठस्थ की गई विद्या विस्मरण होने लगती है। यदि प्रत्येक पक्षों में तात्कालिक कण्ठस्थ विद्या की एक आवृति (पुनराभ्यास) कर ली जाय तो यह विद्या पुनर्जीवित होकर पूर्ववत् कण्ठस्थ रहेगी। इन्हीं कारणों से वेद या किसी भी विद्या के आजीवन पर्यन्त याद रखने के लिए कृष्णपक्ष के रूप में १५ वर्ष एवं शुक्लपक्ष के रूप में १५ वर्ष कुल ३० वर्षों तक लगातार विद्याभ्यास करते रहने की उपासना बतलाई गई है। यह नित्य वेद स्वाध्याय फल नित्य श्रौत अग्निहोत्र की उपासना के समान फल देने वाला है। शास्त्रों में श्रौत अग्निहोत्र की उपासना भी कम से कम ३० वर्षों के लिए (कृष्णपक्ष के १५ वर्ष यानी एकपक्ष के रूप में एवं शुक्लपक्ष के १५ वर्ष) कुल ३० वर्षों के लिए यानी १ माह की उपासना करने के रूप में बतलाई गई है।

**डॉ.जय प्रकाश द्विवेदी**

सामवेद कौथुमशाखाध्यापक

राष्ट्रीय आदर्श वेद विद्यालय , म.सा.रा.वे.वि.प्र.उज्जैन, (म.प्र.)

**सहायकग्रन्थसूची :-**

*तैत्तिरीयप्रातिशाख्यम्,* सम्पा. वि.आर.शर्मा, नईदिल्ली : म.एल. वि.डी., १९९१

*भाषिकसूत्रम्,* सम्पा. वि.आर.शर्मा, चन्डीगढ : पाञ्जबविश्वविद्यालय, १८८२

*शिक्षासंग्रहः (शि.सं.),* सम्पा. रामश्यामचतुर्वेदी, वाराणसी : सम्पूर्णानन्दसंस्कृतविश्वविद्यालयः, १९९०

*सङ्गीतरत्नाकरः,* सम्पा. सुब्रमन्यशास्त्री, चैन्नाई : अड्यार लाईब्रेरी, १९४३

अङ्क- ३५
जनवरी - जून २०२०

**वेदविद्या**
ISSN-२२३०-८९६२
UGC 'CARE' list Ind. Lang. Sl. No. 97

# वैदिक याज्ञिक मूल्यों का समाज पर प्रभाव

**डॉ. सुधीर कुमार**

भारतीय संस्कृति, परम्परा, संस्कार, शिक्षा, ज्ञान-विज्ञान और नैतिक मूल्यों का मूल आधार अन्तिम रूप से वेदों को स्वीकार किया जाता है। चारों वेदों ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद और अथर्ववेद का ज्ञान उस सर्वशक्तिमान् परमकारुणिक परमपिता परमात्मा ने सृष्टि के आदि में अत्यन्त पवित्र आत्मा अग्नि, वायु, आदित्य और अंगिरा नामक ऋषियों के हृदय में दिया। सारा विश्व ऋग्वेद को प्रथम पुस्तक के रूप में स्वीकार करता है। ज्ञान, कर्म और उपासना के लिये प्रसिद्ध ये वेद-ग्रन्थ विश्व की सभ्यता और संस्कृति का मूल है।

प्राचीन ऋषि महर्षि आन्तरिक और बाह्यशुद्धता से भलीभांति परिचित थे। वे जानते थे कि शरीर के भीतर और बाहर से शुद्धि ही उनके दीर्घ जीवन का आधार हो सकता है। इसके बिना जीवन अल्पकालिक होगा। धर्म-अर्थ-काम और मोक्ष की प्राप्ति स्वस्थ शरीर के द्वारा ही हो सकती है। वे पृथिवी-जल-अग्नि-वायु और आकाश की सत्ता और इनके गुणों में भी वर्तमान विज्ञान से अधिक ज्ञानवान् थे। वे वैदिक जीवन जीते थे और जीवन के अन्तिम लक्ष्य मोक्ष की प्राप्ति करते थे। इन्हीं तत्त्वों के विज्ञान के आधार पर उन्होंने अग्नि तत्त्व के सार को समझा और यज्ञ की परिकल्पना की। उनकी यज्ञ की परिकल्पना उनके सामाजिक, सांस्कृतिक नैतिक और दीर्घजीवन का मूलमन्त्र थी।

इन महर्षियों द्वारा विनिर्मित पादप-विज्ञान, जलविज्ञान, रसायनविज्ञान, औषध-विज्ञान की सहायता से वैदिक मन्त्रों के विनियोग से अग्नि तत्त्व के साथ ऐसा सामञ्जस्य स्थापित किया गया जो न केवल शरीर को आरोग्य करता था, विषाणु रहित करता था अपितु वातावरण में विद्यमान हानिकारक तत्त्वों को नष्ट करके लाभकारी तत्वों से वातावरण को परिपूर्ण करता था। इन्होनें इसे यज्ञ का नाम प्रदान किया, जिसे लोग हवन और होम के नाम से भी जानते हैं।

इस यज्ञ में प्रयोग की जाने वाली प्रत्येक वस्तु, पदार्थ, सामग्री शरीर और वातावरण दोनों को ही परिपुष्ट करती हैं। यज्ञ में प्रयोग होने वाली वस्तु पूर्णतया वैज्ञानिक है। चाहे वह यज्ञवेदी हो, यज्ञकुण्ड, यज्ञपात्र, यज्ञसमिधाये, यज्ञसामग्री सभी वातावरण की शुद्धता के लिये ही प्रयोग की जाती हैं। अथर्ववेद में यज्ञ का महत्त्व प्रतिपादित करते हुये कहा गया है कि..."**हे ब्रह्मणस्पते। उठ**

**खडा हो, यज्ञ करो।"**[१] अन्य उत्तमपुरुषों को यज्ञीयभावना से अवगत कर तथा इस मार्ग का अवलम्बन करते हुये आयु, प्राण, प्रजा, पशु तथा यजमान की कीर्ति को बढा। सृष्टि कर्ता ने स्वयं एक शाश्वत यज्ञ का आयोजन कर रखा है। वह प्रभु भी यज्ञ है।[२] और होता[३] भी है। शतपथ ब्राह्मण ने भी **"यज्ञो वै विष्णुः"**[४] कहा है। **यज्ञो वै श्रेष्ठतमं कर्म**[५] तथा छान्दोग्योपनिषद् ने यज्ञ, अध्ययन और दान को धर्म का प्रथम स्कन्ध माना है। **"त्रयो धर्मस्कन्धाः यज्ञाध्ययनदानमिति प्रथमः"**[६] मनुमहाराज ने भी पञ्चमहायज्ञों का विधान लिखा है-- **ऋषियज्ञं देवयज्ञं भूतयज्ञं च सर्वदा। नृयज्ञं पितृयज्ञञ्च यथाशक्ति न प्रपयेता॥**[७]

हिन्दू, मुस्लिम, सिक्ख, ईसाई, बौद्ध, जैन मन्दिरों में कहीं घी का दीपक कहीं तेल का तथा कहीं मोमबत्ती, कही अगरबत्ती इसी यज्ञ का बदला हुआ स्वरूप है। मन्दिरों के मध्य में मूर्तिस्थापना पूर्वकाल में यज्ञकुण्ड का ही परिवर्तित स्वरूप है। इन सब के मूल में कहीं न कहीं यज्ञ की ही भावना प्रतीत होती है।

यज्ञाग्नि में डाले जाने वाले पदार्थों का फल यह होगा कि यज्ञ-धूम से बादल प्रसन्न होकर जल बरसायेगें, अकाल नहीं रहेगा, अधिक अन्न होगा, अविद्या का नाश और विद्या की वृद्धि होगी, सरिता आयेगी, जनता शुभ कर्म करने लगेगी, वर्ण-आश्रमी जो कायर बन रहे हैं, उन्हें जब हवन को वायु लगेगी तो वे शेरों को तरह शक्तिशाली होगें। उनका वातावरण शुद्ध होगा शुद्ध वातावरण से सन्तान उत्तम होगी। उत्तम सन्तान से सामाजिक सुख-शान्ति, भातृभाव, राष्ट्रोन्नति होगी।

महर्षि दयानन्द सरस्वती बार-बार यज्ञ-स्थान, यज्ञकुण्ड, यज्ञपात्र, यज्ञसमिधा और यज्ञ सामग्री के अत्यन्त शुद्ध होने की बात कहते हैं। वे मानते है कि इनके शुद्ध होने से ही यज्ञ की पूर्ण-प्रक्रिया शुद्ध हो सकेगी तथा यज्ञ के सभी लाभ समाज को मिल सकेंगे।

**यज्ञ चिकित्सा -**

यज्ञ चिकित्सा इतनी सरल और उपयोगी है कि उसके आधार पर मारक और पोषक दोनों ही तत्त्वों को शरीर में आसानी से पहुँचाया जा सकता है। यूं तो यज्ञ विज्ञान के अनेक पक्ष हैं, उनमें एक रोगोपचार भी है। मानसिक और आत्मिक स्वास्थ्य की अभिवृद्धि के साथ ही शारीरिक रोगों के

---

१ अथर्ववेद ९.६३.१

२ यजु. ३१.७

३ ऋ. १.१.१ एवं १०.८१.१

४ १.१.८.८

५ शत. १.७.१.५

६ छान्दो. २.२३.१

७ मनुस्मृति, २.१०

निवारण में भी इससे ठोस सहायता मिलती है। औषधि उपचार में शरीर के विभिन्न अवयवों तक पदार्थ पहुंचाने का माध्यम रक्त है। रक्त यदि दूषित, निर्बल हो तो वह प्रेषित उपचार, पदार्थ का ठीक तरह परिवहन नहीं कर सकता। फिर यह कठिनाई और भी है कि रक्त में रहने वाले स्वास्थ्य प्रहरी श्वेत-कण किसी विजातीय पदार्थ को सहन नहीं करते और उससे लडने मरने को तैयार रहते हैं। औषधि जब तक रोग कीटाणुओं पर आक्रमण करने को स्थिति तक पहुँचती उसे इन स्वास्थ्य प्रहरियों से ही महाभारत करना पड़ता है।[१]

बीमार पर आक्रमण होने पर प्रयुक्त औषधि और स्वास्थ्य कण ही आपस में भिड़ जाते हैं। पेट की पाचन क्रिया रक्त में उन्हों पदार्थों को सम्मिलित होने देती है, जो शरीर संरचना के साथ तालमेल खाते हैं। इसके अतिरिक्त जो बच जाता है वह विजातीय कहा जाता है और उसे मल, मूत्र, स्वेद, कफ आदि के द्वारा निकाल बाहर किया जाता है। इस पद्धति को देखते हुए यह भी एक अति जटिल कार्य है कि औषधियों में रहने वाले रसायन किस प्रकार विषाणुओं तक पहुँचें और किस तरह वहाँ जाकर अपना निवारक उपक्रम आरम्भ करके उसे सफलता के स्तर तक पहुंचायें।

यज्ञ प्रक्रिया को चिकित्सा प्रयोजन के लिए प्रयुक्त करने पर हमें कठिनाई का हल सहज ही सम्भव हो सकता है। औषधि को पेट में पचाकर, रक्त में मिलाकर, श्वेत प्रहरियों से लड़ने के उपरान्त पीडित स्थान तक पहुँचने की लम्बी मंजिल पार नहीं करनी पड़ती, वरन् इन सारे जंजाल से बचकर, सांस द्वारा अभीष्ट मन तक पहुँचने का एक नया रास्ता मिल जाता है। शरीर शास्त्र के विद्यार्थी जानते है कि मात्र रक्त ही कोषों की खुराक पूरी नहीं करता वरन् सांस द्वारा भी शरीर में आहार पहुँचाया है और वह इतना महत्त्वपूर्ण होता है कि उसकी गरिमा मुँह द्वारा खाये और पेट द्वारा पचाए गये आहार की तुलना में किसी भी प्रकार कम नहीं होती। रक्त की भाँति प्राण वायु भी ऑक्सिजन के रूप में समस्त शरीर में परिभ्रमण करती है। पोषण पहुँचाने और गन्दगी बुहारने में उसका वहुत बड़ा हाथ है। दृश्य रूप से जो कार्य पाचन और स्वतामिश्रण क्रिया द्वारा भी सम्पन्न होता है। यह दोनों ही पद्धतियों मिलकर दो पहियों की तरह जीवन रथ को गतिशील बनाये रहती है।

स्वास्थ्य सुधार और रोग निवारण को आवश्यकता को पूरा करने के लिए श्वांसोच्छ्वास प्रक्रिया को अवलम्बन बनाने पर उससे कहीं अधिक लाभ उठाया जा सकता है, जो रक्ताभिशरण पद्धति से आमतौर पर काम में लाया जाता है। यह कार्य यज्ञ चिकित्सा द्वारा सम्पन्न होता है। इस माध्यम से न केवल विषाणुओं से सफलतापूर्वक संघर्ष संभव हो सकता है, वरन् पोषण की आवश्यकता भी पूरी हो सकती हैं।

१ यज्ञचिकित्सा डॉ. नवनीत पृ. १-२

यज्ञ द्वारा वायुभूत बनाई गई औषधियाँ विषाणुओं से सूक्ष्म होने कि विशेषता के कारण उन पर आक्रमण करके उन्हें सरलतापूर्वक परास्त कर सकती है। पाचन, परिवहन और प्रहरियों से उलझने जैसे झंझट मार्ग में नहीं है और न विलय का अवरोध ही है। सांस द्वारा अभीष्ट पदार्थ को शरीर के अंतरंग किसी भी अंग अवयव तक आसानी से पहुँचाया जा सकता है ।

विषाणुओं का मारण जितना आवश्यक है उतना ही स्वस्थ कौशिकाओं में समर्थता की अभिवृद्धि भी आवश्यक है। अस्वस्थ का एक मात्र कारण विषाणुओं का आक्रमण ही नहीं होता, दूसरा अर्थ यह भी है कि सामान्य जीवाणुओं की समर्थता और स्वास्थ्य संरक्षक श्वेत-कणों की प्रखरता गड़बड़ा जाती है। इसलिए वे रोगों के प्रवेश को रोकने और प्रविष्ट को निरस्त करने में सफल नहीं हो पाते। यदि जीवनी शुद्धि की न्यूनता न हो तो न विषाणुओं का शरीर के सुदृढ दुर्ग में सहज ही प्रवेश हो सकता है और न प्रवेश करने वालों को देर तक ठहरने की सुविधा ही मिल सकती है। दुर्बलता, क्षीणता यदि बढ़ती जाये तो आवश्यक नहीं कि बाहर से ही रोग प्रवेश करें। निरन्तर टूटते रहने वाले अपने ही जीवकोषों की लाशें बाहर ढोकर फेंकी न जाने पर स्वतः सड़ने लगती है और उन्हीं का स्वरूप विषाणुओं के रूप में प्रकट होता है।

गहन अनुसंधानों के कारण अब यह मान्यता निराधार सिद्ध हो चुकी है कि विषाणु कहीं बाहर से आते है और उसके कारण मनुष्य बीमार पडता है। बाहर तो हवा, धुल, पानी और खाद्य पदार्थों में सर्वत्र कितनी विषाक्तता भरी पडी है। शरीर को शरीर न छुए यह तो सम्भव है, पर नाक से निकली हुई साँस का एक दूसरे शरीर में प्रवेश कर जाने पर प्रतिबन्ध कैसे लगाया जा सकता हैं। इस दृष्टि से तो किसी भी व्यक्ति का स्वस्थ रह पाना संभव नहीं होता। क्योकि सभी एक ही, वायुमण्डल में श्वास लेते है और हर किसी के आस-पास कोई न कोई बीमार व्यक्ति रहता है। रोगों को उत्पत्ति बाहर के विषाणुओं से ही नहीं होती, अपितु शरीर में निरन्तर उत्पन्न होते रहने वाला मल ठीक तरह से बाहर नहीं निकल पाने पर उसी से विषाणु उत्पन्न होते जाते हैं।

इस नये संशोधन के साथ रोगोपचार का एक पक्ष जहाँ विषाणुओं को मारना है वहीं दुर्बलता को दूर कर सफलता का परिपोषण करना भी है। आधुनिक चिकित्सा पद्धति का सारा ध्यान संचार उपचार पर ही केन्द्रित रहता है। एक एकांगीपन जब तक दूर नहीं किया जायगा तब तक चिकित्सा प्रक्रिया अधूरा ही बनी रहेगी।

यज्ञ चिकित्सा में ये दोनों ही विशेषतायें विद्यमान हैं। उनके माध्यम से उपयोगी रासायनिक पदार्थों को इतना सूक्ष्म बना दिया जाता है कि वे अपने-अपने उपयुक्त प्रयोजनों को पूरा कर सके अणुओं में पाया जाने वाला चुम्बकत्व अपनी आवश्यकताएँ पूरी करने के लिए वातावरण में से अभीष्ट तत्त्व अनायास ही ग्रहण करता रहता है। यज्ञ प्रक्रिया के सहारे वायुभूत रासायनिक पदार्थ शरीर के समस्त भीतरी अवयवों में अनायास ही जा पहुंचते है और स्थानीय जीवाणुओं की

आवश्यकता पूरी करते हैं। पेड़ आकाश में परिभ्रमण करने वाले बादलों को अपनी और खींचते हैं। सशक्त वायुभूत रसायन जब शरीर के भीतर पहुँचता है तो वहाँ की आवश्यकता सहज ही पूरी होने लगती हैं।

प्रकृति एक ओर तो वस्तुओं का परिवर्तन करने के लिए विनाश व्यवस्था चलाती है और दूसरी और अनावश्यक क्षरण रोकने और क्षतिपूर्ति के साधन भी जुटाती है। इसी संतुलन के आधार पर सृष्टि क्रम चल रहा है, अन्यथा विनाश या विकास में से एक के अत्यधिक उग्र हो जाने पर एकांगी स्थिति बन जाती और असंतुलन को अराजकता दिखाई देती है। रोगी कीट जिस प्रकार स्वस्थ जीवाणुओं पर आक्रमण करते है, उसी प्रकार उन्हें भी नियन्त्रित करने के लिए वातावरण में आवश्यक तत्व बने रहते हैं। यज्ञ द्वारा उत्पन्न विशेष गैसों में यह विशेषता रहती है कि वे रोग कीटकों पर नभ सेना की तरह बरस पड़े। रक्त के श्वेत कण जहाँ भूमिगत लड़ाई लड़ते और आमने-सामने की गुत्थम-गुत्था करते है, वहाँ यह कि वायु, नभ मार्ग से बम गिरने की तरह शत्रु सेना को नष्ट करती है। यह उपचार प्राकृतिक परम्परा के अनुसार स्वतः ही सम्पन्न होता रहता है।

गर्मी के दिनों में सूखी धरती की प्यास शीघ्र वर्षा ऋतु को घसीट लाती है। जिस साल गर्मी कम पड़ती है उस साल वर्षा भी कम होती है। यह प्रकृति चक्र है। बच्चा रोकर माता का ध्यान आकर्षित करता है और उससे अपनी क्षुधा के लिए पयपान का अनुदान प्राप्त कर लेता है। ठीक इसी प्रकार दुर्बलता ग्रस्त जीवाणु अपने लिए समर्थ परिपोषण की याचना करते हैं। इसकी पूर्ति रासायनिक पदार्थ करते है जो यज्ञ प्रक्रिया द्वारा वायुभूत होकर जीवाणुओं के निकट जा पहुंचते हैं। इस प्रकार सफाई और परिपोषण के, ध्वंस और निर्माण के दोनों ही प्रयोजन यज्ञ वायु के द्वारा पूरे होने लगते है और अस्वस्थता का बहुत हद तक समाधान होता है।

सूक्ष्म जगत् की क्षमताएँ विलक्षण हैं। लाख हस्त-कौशल अपनाया जाये अथवा कैसे भी यन्त्रों की सहायता ली जाये, पर फूलों से शहद पृथक नहीं किया जा सकता। किन्तु यहीं काम मधुमक्खी अपनी विशिष्ट क्षमता द्वारा वही आसानी से कर लेती है। आटे में चीनी मिली हो तो उसे अलग कर पाना सामान्यतः कठिन होता है, किन्तु चींटी उस सम्मिश्रण के रहते हुए भी चीनी के कणों को खाती रहती है और आटे वाला भाग छोड़ देती है। जीवाणुओं में यह विशेषता है कि यदि आस-पास के वातावरण में आवश्यक तत्त्व मौजूद हों तो वे पोषण एवं संरक्षण की आवश्यक सामग्री स्वयमेव खींच लेते हैं। सामान्य वायु जो सांस द्वारा ग्रहण की जाती है उसमें जीवन संचार बनाए रहने के कितने ही पदार्थ रहते हैं, आवश्यकता विशेष प्रकार की होती हैं। उन्हें विशेष मात्रा में विशेष पदार्थ चाहिए। इनकी पूर्ति यज्ञ विधि द्वारा विनिर्मित विशिष्ट प्रकार को प्राण वायु द्वारा सम्पन्न होती है।

विष कीटकों को मारने के लिए अनेकानेक विशेषताओं से युक्त औषधियाँ निरन्तर बनती और बढती चली जा रहीं हैं। यह सभी ऐसी है जो प्रत्यक्ष स्पर्श के उपरान्त ही अपना प्रभाव आरम्भ करती हैं। इससे भी सरल तरीका यह है कि विषाणुमारक पदार्थों को वायुभूत बनाकर वहाँ पहुँचा दिया जाय, जहाँ संशोधन की आवश्यकता है।

**यज्ञ-विज्ञान और इसकी समिधायें -**

महर्षि दयानन्द ने यज्ञ के लिये पलाश, शमी, पीपल, बड, गूलर, आम, बिल्व आदि की समिधा का विधान किया है। इसमें भी चन्दन, पलाश और आम की लकडी उत्तम मानी गयी है। इग्लैण्ड में शाहबलूत, अफगानिस्तान और बिलोचिस्तान में बादाम की लकडी जर्मन में लेवेण्डर तथा भारत और इटली में युकैलिप्टस की लकडी समिधा के रूप में प्रयोग हो सकती है। महर्षि ने लिखा है कि लकडी सुविधापूर्वक जलने वाली हो। छालयुक्त लकडी अधिक गुणकारी होती है। लकडी मलिन, दूषित एवं कीड़ा लगी हुयी न हो। जलने पर लकडी दुर्गन्ध और अपना धुआँ न दे। लकडी राख में परिवर्तित होने वाली हो कोयला बनने वाली न हो।

यज्ञ की समिधाओं में ढाक (पलाश, खकरा), फल्गु, वट, पीपल, विकंकत, गुलर, चन्दन, सरल, देवदारु, शाल, खैर, काकप्रिय, बड, पिलखन, पीतदारु, शमी, आम, बिल्व आदि को उत्तम माना गया है।

**ढाक (पलाश)** - ढाक सुविधा से जलती है। अग्निदीपक और वीर्यवर्द्धक है। गुदा के रोग, संग्रहणी तथा कृमिनाशक है। भावप्रकाश के अनुसार ढाक के बीजों को शहद में मिलाकर आंत के कीडे निकालने की औषधि बनाई जाती है। इसके पत्ते फोड़े-फुन्सियों को नष्ट करने के लिए प्रयोग किए जाते है।

**पीपल (पिप्पल, बौधिद्रुम)** - पीपल को पवित्र माना जाता हैं। यह दाह, कफ, पित्त, विष तथा रक्तविकार नाशक है। इसके बीजों का चूर्ण श्वास रोग में लाभदायक है।

**बड़ (वट)** - बड़ शीतल, भारी तथा कसैला होता है। कफ, पित्त, वमन एवं ज्वर में लाभदायक है। कान्ति बढाता है। इसका दूध अत्यन्त बलवर्द्धक है। इसके दूध को बताशे में रखकर सेवन करने से प्रमेह रोग दूर हो जाता है।

**गूलर (उदुम्बर, हेमदुग्धक)** - गुलर कफ, पित्त तथा रक्तविकार को ठीक करता है। हड्डी को जोड़ने वाला तथा वर्ण को उत्तम करने वाला है।

**आम (आम्र)** - आम का बौर शीतल तथा रुचिकारक है। यह कफ, पित्त, रक्तविकार तथा प्रमेह का नाश करता है। इसके पत्तों का धुआँ कुक्कुर खाँसी को नष्ट करता है। यूनानी मतानुसार आम की छाल रक्तस्राव को बंद करने वाली, वमन और अतिसार-नाशक हैं।

**चन्दन (चन्दन)** - सर्वोत्तम चन्दन देखने में ऊपर से सफेद, गाँठदार, काटने में लाल, पीसने में पीला तथा स्वाद में कडवा होता है। यह कफ, तृषा, पित्त, रुधिरविकार और दाहनाशक है। चन्दन की लकडी के बने संन्दूकों में रखी हुई वस्तुओं को कीडा नहीं लगता। यज्ञ में प्रायः इसका चूरा ही डाला जाता है। सफेद चन्दन का तेल सुजाक में लाभदायक है।

**अशोक (अशोक)** - अशोक शीतल, कान्तिवर्द्धक, मलरोधक, हड्डी को जोड़ने वाला तथा कृमिनाशक है। शूल, उदर रोग, पित्त, श्रम, दाह, तृषा, अपच, विष और रुधिर विकारों को दूर करता है। बसु और कीर्तिकर[१] ने इसकी छाल को कृमि, तृषा और ज्वरनाशक, अपच को दूर करने वाली, शूल और बवासीर में लाभदायक माना हैं।

अतः यज्ञ में प्रयोग की जाने वली लकडियाँ अत्यन्त गुणशाली हैं। विभिन्न रोगों का नाश करती हैं। इसलिए जहाँ लकडी जलने पर गर्मी उत्पन्न करती है वहाँ कई लाभदायक पदार्थ भी बनाती है। इनकी रासायनिक बनावट को चर्चा कीर्तिकार तथा बसु[२], डिमोक[३] व चोपड़ा[४] ने अपने ग्रन्थों में की है।

**पर्यावरण एवं स्वास्थ्य-**

आज जल, वायु, अन्न, मिट्टी... कुछ भी शुद्ध नहीं है। प्रदूषण इतना बढ गया है कि अमरीका, कनाडा जैसे देशों में, तेज़ाबी वर्षा एक प्रमुख समस्या बन गई है। समस्त संसार पर्यावरण-प्रदूषण से चिन्तित है। अपने कर्त्तव्य का सुचारू रूप से पालन करती हुई प्रकृति वायु के साधित में अवश्य महत्त्वपूर्ण योगदान करती रही है, अन्यथा अब तक वायुमण्डल इतना प्रदूषित हो गया होता कि श्वास लेना दूभर हो जाता। अग्निहोत्र उस महान् प्रभु द्वारा रचाए गए इस महान् प्राकृतिक यज्ञ का ही एक रूप है। इसके द्वारा वायु की दुर्गन्ध नष्ट होकर सुगन्ध फैलती है। वेद यज्ञ को वायु की शुद्धि का हेतु मानता है-

**वसोः पवित्रमसि शतधारं वसोः पवित्रमसि सहस्रधारम्।**[५]

---

१ K.R.Kirtikar & BD Basu, Indian Medicinal Plants, Vol. I-II, Bishen Singh Mahendra Pal Singh, New Connaught Place, Dehradun (1984)

२ K.R.Kirtikar & BD Basu, Indian Medicinal Plants, Vol. I-II, Bishen Singh Mahendra Pal Singh, New Connaught Place, Dehradun (1984)

३ W.Dymock, C.G.H. Warden and D. Hooper, Pharmacographia Indica, Vol. I-III, Thacker, Spink & Co., Calcutta (1980-91)

४ R.N. Chopra, I.C. Chopra, K.L. Handa and L.D. Kapur, Indigenous Drugs of India, Dhur and Sons, Calcutta (1958)

५ यजु. १.३

'यज्ञ असंख्य संसार एवं अनेक प्रकार के ब्रह्माण्ड को धारण करने वाला तथा शुद्धि करने वाला कर्म है। इसलिए शास्त्रकारों ने प्रतिदिन यज्ञ करने का विधान किया है। मनु (२.१०३) ने यज्ञ न करने वालों को दण्ड का भागी माना है। यजुर्वेद (१.२) भी यज्ञ का त्याग न करने का स्पष्ट आदेश देता है- **वसोः पवित्रमसि द्यौरसि पृथिव्यसि मातरिश्वनो घर्मोऽसि विश्वाधऽअसि। परमेणधाम्ना दृꣳहस्व मा ह्वार्मा ते यज्ञपतिर्ह्वार्षीत्॥**

इस मन्त्र का अर्थ करते हुए ऋषि दयानन्द लिखते हैं, "हें विद्यायुक्त मनुष्य ! तू जो यज्ञ शुद्धि का हेतु है, जो विज्ञान के प्रकाश का हेतु और सूर्य को किरणों में स्थिर होने वाला है, जो वायु के साथ देश-देशान्तर में फैलने वाला है, जो वायु को शुद्ध करने वाला है, जो संसार का धारण करने वाला है तथा जो उत्तम स्थान के सुख का बढाने वाला है, इस यज्ञ का मत त्याग कर। तेरे यज्ञ की रक्षा करने वाला यज्ञमान भी उसको न त्यागे।" [१]

ऋषि दयानन्द सरस्वती ने यज्ञ को वायु शुद्धि का सर्वोत्तम साधन माना है। इसीलिए यजुर्वेदभाष्य में ऋषि लिखते हैं, "जैसी यज्ञ के अनुष्ठान से वायु और वृष्टि जल की उत्तम शुद्धि और पुष्टि होती है, वैसी दूसरे उपाय से कभी नहीं हो सकती।"[२]

ऋषि दयानन्द सरस्वती ने २० जुलाई, १८७५ को पुणे में सातवें प्रवचन में कहा था- **"पुष्टि-वर्धन, सुगन्ध-प्रसार और नैरोग्य ये तीन उपयोग होम अर्थात् हवन करने से होते हैं।"** "सुवृष्टि और वायु शुद्धि होम हवनादि से होती है, इसीलिए होम करना चाहिए।" "पहले आर्य लोगों का ऐसा सामाजिक नियम था कि प्रत्येक पुरुष प्रातःकाल स्नान के बाद आहुति देता था, क्योंकि प्रातःकाल में जो मल-मूत्रादिकों की दुर्गन्ध उत्पन्न होती थी, वह इस प्रातःकाल के हवन से दूर होती थी। इसी तरह सायंकाल में हवन करने से दिनभर की जमी हुई जो दुर्गन्ध होती है उसका नाश होकर रातभर वायु निर्मल और शुद्ध चलती थी।"

"इन दिनों होम के न्यून होने से बारम्बार वायु बिगड़ रही है, सदा विलक्षण रोग उत्पन्न होते जाते हैं।" भौतिक विज्ञान भी ऋषि दयानन्द के इन विचारों का समर्थन करता है। हवन से कई वाष्पशील तैल तथा उत्तम गैसें पैदा होती हैं। वे वायु के साथ सर्वत्र फैलकर मलिनता को नष्ट कर सुगन्ध फैला देती हैं।

यज्ञ न केवल वायु की दुर्गन्ध को नष्ट करता है, अपितु इसे शुद्ध कर रोगों से भी रक्षा करता है। महर्षि दयानन्द[३] का यह विचार पूर्णतया सत्य है कि "दुर्गन्धयुक्त वायु और जल से रोग, रोग से प्राणियों को दुःख और सुगन्धित वायु तथा जल से आरोग्य और रोग के नष्ट होने से सुख प्राप्त होता

१ ऋषि दयानन्द सरस्वती, यजुर्वेद भाषाभाष्य, दयानन्द संस्थान, दिल्ली

२ उपरिलिखित; तुलना : ऋग्वेदादिभाष्यभूमिका, वेदविषयविचार : पृ. ४१

३ ऋषि दयानन्द सरस्वती, सत्यार्थप्रकाश, तृतीय समुल्लास

है।" ऋषि आगे लिखते हैं, "जब तक इस होम करने का प्रचार रहा, तब तक आर्यावर्त्त देश रोगों से रहित और सुखों से पूरित था, अब भी प्रचार हो तो वैसा ही हो जाए।" अतः समझना चाहिए कि प्राचीन आर्य लोग अग्निहोत्र द्वारा वायु शुद्धि तथा आरोग्य प्राप्त किया करते थे।

वैसे तो भारत में प्रत्येक कार्य करने के पूर्व हवन किया जाता है, किन्तु ऋतु परिवर्तन (ऋतु सन्धि) के समय विशेष रूप से बृहद् यज्ञों का प्राचीनकाल से ही संचलन रहा है। इसका करण यह है कि ऋतु सन्धि अनेक रोग उत्पन्न करती है। इन व्याधियों का निवारण भैषज्य यज्ञों के द्वारा होता है। शतपथब्राह्मण में इसकी पुष्टि हो गई है- **"भैषज्यया वा एते। ऋतुसन्धिषु व्याधिर्जायते तस्माद्दतुसन्धिषु प्रयुज्यन्ते॥"** ये भैषज्य यज्ञ कहलाते हैं। ऋतुओं की सन्धि में व्याधियाँ उत्पन्न होती हैं, इसलिए इनका प्रयोग ऋतु सन्धि में होता है।[1]

भारतीय घरों में नया अन्न अग्नि में अर्पित किए बिना प्रयोग में नहीं लाया जाता था। प्रत्येक ऋतु में उस ऋतु के पदार्थों द्वारा यज्ञ करने की प्रथा रही है। सम्भवतः विशेष मौसम में उत्पन्न होने वाले पदार्थ उस ऋतु-सन्धि के रोगों की दूर करने में अधिक उपयोगी हैं। इस प्रकार के यज्ञों की चर्चा भावप्रकाश (कृतान्न वर्ग १७८) में भी की गई है- **अर्द्धपक्वैः शमीधान्यैस्तृणभृष्टैश्च होलकः। होलकोऽल्पानिलो मेदः कफदोषश्रमापहः॥ भवेदथो होलको यस्य स तत्तद् गुणो भवेत्।** अर्थात् 'तिनकों की अग्नि में भूने हुए अधपके शमी धान्य (फली वाले अन्न) को होलक या होला कहते हैं। होलक स्वल्प वात है और चर्बी, कफ तथा थकान के दोषों का शमन करता है। जिस-जिस अन्न का होला होता है, उसमें उसी-उसी अन्न का गुण होता है।'

हवन के द्वारा रोगों का नाश किया जाना सम्भव है। ये रोग किस प्रकार उत्पन्न होते है तथा अग्निहोत्र से कैसे नष्ट हो सकते हैं, इस प्रश्न पर विचार करना आवश्यक है। आधुनिक पाश्चात्य विज्ञान का मत है कि व्याधियों के जन्मदाता रोगाणु (रोगकीट, कृमि) हैं। रोगाणुवाद के लिए किसी व्यक्ति विशेष को श्रेय नहीं दिया जा सकता। यूँ तो आरम्भिक कार्य पाश्चात्य द्वारा किया गया था, परन्तु इस क्षेत्र में राबर्ट कौंच, स्मिथ, किलबोर्न आदि का योग भी महत्त्वपूर्ण है। कौंच ने सन् १८७८ में यह सिद्ध किया था कि प्रत्येक बीमारी किसी न किसी रोगाणु के द्वारा ही पैदा होती है। यह रोग कीट भिन्न-भिन्न प्रकार के तथा बहुत छोटे होते हैं। इनमें से कई तो अति क्षुद्र होने से दिखाई भी नहीं देते। ये साधारणतया ०.००३ से ०.००५ मिलीमीटर तक लम्बे होते है, परन्तु कई रोगाणु काफी बड़े होते हैं। छोटे से छोटे रोग कीट ०.०००२५ मिलीमीटर लम्बे होते हैं। ये अंधेरे में बढ़ते हैं। बैसिलस कॉली नामक एक कृमि लगभग बीस मिनट में टूटकर दो कृमि उत्पन्न कर देता है। फिर ये कृमि भी इस प्रकार विभक्त होते रहते हैं। यदि परिस्थितियाँ अनुकूल हों तो यह अकेला कृमि केवल आठ घण्टे में एक करोड़ साठ लाख कृमि उत्पन्न कर देगा। यदि रोगाणु इसी गति से बढ़ते

१ तुलना : गोपथब्राह्मण २,१,१२

रहते तो समस्त भूमंडल पर केवल कृमि ही कृमि होते, परन्तु ऐसा हुआ नहीं, क्योंकि परिस्थितियाँ अनुकूल न होने के कारण एक दो दिन में तो क्या एक सप्ताह में भी बहुत कम बढ़ पाते हैं। ये रोगकीट जल, वायु तथा अन्न के साथ शरीर में प्रविष्ट हो जाते हैं और फिर धीरे-धीरे बढ़ते रहते है तथा व्यक्ति को रोगी बना देते हैं। अतः व्याधियों की रोकथाम इन रोगाणुओं को नष्ट करके ही सम्भव हो सकती है।

यह हुआ आधुनिक विज्ञानवादियों का मत। प्राचीन ऋषियों का सर्वस्व तो वेद तथा वैदिक साहित्य ही था। उसी आधार पर उन्होंने अग्निहोत्र का आविष्कार किया समिधाओं तथा हव्य-पदार्थों का चयन भी किया। इसलिए केवल रोगोत्पत्ति के आधुनिक कारण को ही आधार मानकर यज्ञ पर विचार करना उचित नहीं होगा। अतः विचारणीय विषय है- रोगों का वेद में वर्णित कारण। वेद भी रोगाणुवाद को मानता है। **अन्वान्त्र्यं शीर्षण्य। मथो पार्ष्टेयं क्रिमीन्। अवस्कवं व्यध्वरं क्रिमीन्वचसा जम्भयामसि॥**[१]

"आंतों में उत्पन्न होने वाले विषूचिका के कीट, शिरोभाग में उत्पन्न होने वाले दाद और पीनस रोग के उत्पादक तथा पसलियों में उत्पन्न होने वाले नासूर या राजयक्ष्मा आदि रोग के कीट, (अवस्कव) त्वचा के भीतर घुस जाने वाले रोगकीट और विकृत मांस को खाने वाले व्यध्वर नामक रोगकीट को वेदवाणी में बतलाये उपायों द्वारा नष्ट करें।" इस पक्ष में भिन्न-भिन्न रोगों की उत्पत्ति रोगाणुओं के द्वारा बतलाई गई है। इन रोगाणुओं की कुछ अन्य जातियों का वर्णन निम्नलिखित मन्त्र में किया गया है- **दृष्टमदृष्टमतृहमथो कूरूरुमतृहम्। अल्गण्डून्त्सर्वान्छलुनान्क्रिमीन्वचसा जम्भयामसि॥**[२]

अर्थात् "दृश्य तथा अदृश्य और (कुरूरु) बुरी तरह रुलाने वाले, (अल्गण्डू) अत्यधिक खाज पैदा करने वाले तथा (शलुन) शरीर में प्रवेश कर जाने वाले रोगकीटों का वेदवाणी में बताये उपायों द्वारा नाश करें।"

ये मन्त्र रोगाणु सम्बन्धी कई रहस्यों का उद्घाटन कर रहे हैं। इन मन्त्रों' में अवस्कव, व्यध्वर, कुरूरु, अल्गण्डू तथा शलुन आदि जो शब्द आए हैं, वे रोग कीटों की जातियों के नाम हैं। इन नामों से कृमियों के स्वभावों का पता चलता है।

वेद ने रोग कीट को राक्षस की संज्ञा भी दी है। ऋग्वेद (१०.९७.६) में राक्षसों को मारने वाले को वैद्य तथा रोगों को दूर करने वाला कहा गया है- **यत्रौषधीः समग्मत राजानः समिताविव। विप्रः स उच्यते भिषग्रक्षोहाऽमीवचातन॥** अर्थात् "जिसके पास अनेक औषधियों का संग्रह होता है, उस

१ अथर्व. २.३१.४

२ अथर्व. २.३१.२

विप्र को भिषग् (चिकित्सक) कहते हैं। वह राक्षसों का हनन करने वाला तथा रोगों को दूर करने वाला होता है।" इस मन्त्र का बुद्धिसंगत अर्थ करने के लिए राक्षस को रोगाणु का पर्यायवाची मानना पड़ता है। वनस्पतियों द्वारा विशालकाय राक्षसों का मारा जाना सम्भव नहीं है, अन्यथा राक्षसों के साथ हुए युद्धों के वर्णनों से इतिहास के पन्ने भरे हुए न होते। वनस्पतियों से जिन राक्षसों का वध होता है, वे दृश्य एवं अदृश्य रोगाणु ही हैं।

रोगाणुओं के निवास स्थान की चर्चा निम्नलिखित मन्त्र में को गई है- ये क्रिमयः पर्वतेषु वनेष्वोषधीषु पशुष्वस्वन्तः। ये अस्माकं तन्वमाविविशुः सर्वं तद्धन्मि जनिम क्रिमीणाम्॥[१]

"जो रोगजनक कृमि पर्वतों, वनों औषधियों, पशुओं और पीने योग्य जलों में रहते है तथा जो हमारे शरीर में अन्न और जल के साथ जाते हैं... उन सबका मैं नाश करूँ। रोगाणु भोजन आदि के द्वारा शरीर में प्रविष्ट हो जाते हैं। **येऽन्नेषु विविध्यन्ति पात्रेषु पिबतो जनान्॥**[२]

"जो खाने के अन्न तथा पीने के पानी द्वारा शरीर में प्रवेश करके नाना प्रकार के रोग उत्पन्न करते हैं।" वेद यज्ञ के द्वारा कृमियों का नष्ट हो जाना संभव मानता है। यजुर्वेद (१.१९) में कहा हैं- **शर्मास्यवधुत ७ रक्षोऽवधूताऽअरातयोऽदित्यास्त्वगसि प्रति त्वादितिर्वेतु।**

कई रोगाणुओं के नाम भी इस बात का प्रमाण हैं कि उनका नाश यज्ञ के द्वारा हो सकता है, उदाहरणार्थ- यज्ञघ्न रोगकीटों की एक जाति है तथा यज्ञघ्न का शाब्दिक अर्थ है- वे रोग कीट जिनकी यज्ञ से मृत्यु हो जाए। अथर्ववेद (२.३१.४) में कृमियों की एक अन्य जाति को व्यध्वर (वि + अध्वर अर्थात् यज्ञ का विरोधी) नाम से कहा गया है। इसीलिए सातवलेकर जी लिखते हैं, "यज्ञ जहाँ न होंगे उस स्थान पर उत्पन्न होकर वृद्धिगत होने वाले अथवा यज्ञ से जिनका नाश होता है, ऐसे कृमियों को व्यध्वर कृमि बोलते हैं।"

हवन सूर्य के प्रकाश में किया जाता है। रवि किरणे तथा यज्ञाग्नि दोनों कृमिनाशक हैं। रोगकीट अधिक गर्मी में जीवित नहीं रह सकते। **ओते में द्यावापृथिवी ओता देवी सरस्वती। ओतौ म इन्द्रश्चाग्निश्च क्रिमिं जम्भयतामिति॥**[३]

अर्थात् "सूर्य की किरण मिट्टी, तीव्र वाणी या जलधारा, बिजली, अग्नि ये सब मिलकर नाना प्रकार के रोगकीटों का नाश करते हैं।" **उप प्रागाद्देवो अग्नि रक्षोहामीवचातनः। दहन्नप द्वयाविनो यातुधानान्किमीदिनः॥**[४]

१ अथर्व. २.३१.५

२ यजु. १६.६२

३ अथर्व. ५.२.३.१

४ अथर्व. १.२८.१

इस मन्त्र का अर्थ श्रीयुत् सातवलेकर जी ने इस प्रकार किया है- "यातुधान, किमीदिन तथा राक्षस (यह तीनों रोगकीटों की जातियों के नाम हैं) इनका नाश करने वाला तथा रोगनाशक अग्निदेव आता है।"

अग्नि तो कृमियों का नाश करने के लिए प्रसिद्ध है। अग्नि में भोजन का विष नष्ट करने की शक्ति हैं। **अग्नेऽदब्धायोऽशीतम पाहि मा दिद्योः पाहि प्रसित्ये। पाहि दुरिष्टै पाहि दुरद्मन्याऽअविषं नः पितुं कृणु॥**[1] अर्थात् "'हे निर्विघ्न आयु देने वाले जगदीश्वर! आप चराचर संसार में व्यापक यज्ञ को दुष्ट अर्थात् वेद विरुद्ध यज्ञ से रक्षा कीजिए, अति दुःखों से बचाइए तथा भारी-भारी बन्धनों से अलग रखिए, जो दुष्ट भोजन करना है, उस विपत्ति से बचाइए और हमारे लिए विष आदि दोषरहित अन्नादि पदार्थ उत्पन्न कीजिए।"

केवल अग्नि में ही रोगाणुनाशक शक्ति हो, ऐसी बात नहीं है। यह गुण कई वनस्पतियों में भी है। **वनस्पतिः सह देवैर्न आगन् रक्षः पिशाचाँ अपबाधमानः।**[2]

"दिव्य गुणों से युक्त वनस्पति आ गई, जो राक्षसों और पिशाचों का नाश करती है।" **अजश्रृङ्ग्यज रक्षः सर्वान्गन्धेन नाशय॥**[3] अर्थात् "अजश्रृंगी नामक औषधि के गन्ध से सभी राक्षस अर्थात् रोगकीट नाश को प्राप्त होते हैं।" विद्वानों ने अजश्रृंगी को बहुत गुणकारी माना है। चतुवेद भाष्यकार पण्डित जयदेव लिखते है कि यह वातहर, कास, श्वास, राजयक्ष्मावमन, तृषा, अरुचि, अतिसार, चक्षुर्दोष, हृदय रोग, अति कुष्ट आदि का नाश करती है। इसके जलने से तीक्ष्णगन्ध पैदा होती है। मच्छर आदि भाग जाते हैं।

अथर्ववेद (४,१०,२) में कहा है- **यो अग्रतो रोचनानां समुद्रादधि जज्ञिषे। शंखेन हत्वा रक्षास्यत्त्रिणो विषहामहे॥** अर्थात् - "शंख के द्वारा राक्षसों का नाश होता है।"

यज्ञ सामग्री में वनस्पतियाँ कूटकर डाली जाती है। उनके जलने से सुगन्ध उत्पन्न होता है। उस सुगन्ध से कृमि मर जाते हैं। जहाँ औषधि से व्यक्ति विशेष को ही लाभ होता है, वहाँ अग्निहोत्र से समस्त वातावरण शुद्ध हो जाता है। फिर व्याधि पुनः आक्रमण नहीं कर पाती। अतः स्वास्थ्य-लाभ की यह उत्तम विधि है।

वेद यज्ञ द्वारा रोगों की चिकित्सा होना सम्भव मानता है- **मुञ्चामि त्वा हविषा जीवनाय कमज्ञातयक्ष्मादुत राजयक्ष्मात्। ग्राहिर्जग्राह यद्येतदेनं तस्या इन्द्राग्नी प्र मुमुक्तमेनम्॥**[4]

---

१ यजु. २.२०

२ अथर्व. १२.३.५

३ अथर्व. ४.३७.२

४ अथर्व. ३.११.१

"हे व्याधिग्रस्त मनुष्य! तुझे सुखपूर्वक जीवन व्यतीत कराने के लिए हवन द्वारा अज्ञात रोगों से तथा तपेदिक जैसे ज्ञात रोग से बचाता हूँ। इसे सब अंगों को जकड़ने वाला रोग भी पकड़ ले तो भी इन्द्र अर्थात् शुद्ध वायु या सूर्य की गर्मी या विद्युत तथा अग्नि-होमाग्नि इसे उक्त रोग से मुक्त करें।"

ऋषियों ने वेदमन्त्रों में छिपे इन गहन रहस्यों को समझा था। वे यज्ञों के द्वारा राष्ट्र को स्वस्थ करते थे। सम्भवतः यही कारण था कि यदि एक राष्ट्र को दूसरे देश मे हानि पहुँचानी होती थी, तो वह उस देश के यज्ञों में विघ्न डालने का प्रयास किया करता था। यज्ञ की व्यवस्था भंग हो जाने से अनावृष्टि तथा रोग फैल जाते थे, समस्त देश दुःखी हो जाता था। इसीलिए ऋषियों के द्वारा रचाए गए यज्ञों की रक्षा करना राजा का मुख्य कर्त्तव्य समझा जाता था।

इस प्रकार यज्ञ से न केवल शरीर-आत्मा और वातावरण शुद्ध होता है अपितु वेद की रक्षा श्रुति पर आधारित रहती है। संस्कृति और संस्कारों से व्यक्ति जुडा रहता है। यज्ञ समिधाओं हेतु अनेक वृक्षारोपण भी अत्यन्त आवश्यक हो जाता है जो वातावरण की शुद्धि और दृष्टि, अन्न, धन-धान्य का प्रमुख स्रोत भी है। यज्ञ से पशुधन को भी बढावा मिलता है। यज्ञ के माध्यम से मनुष्य आन्तरिक और बाह्य रूप से समृद्ध होता है।

**॥ यज्ञो वै श्रेष्ठतमं कर्म ॥**

**डॉ. सुधीर कुमार**

प्रोफेसर,

संस्कृत एवं प्राच्य विद्या अध्ययन संस्थान, जे.एन.यू. दिल्ली

अङ्क- ३५
जनवरी - जून २०२०

वेदविद्या
ISSN-२२३०-८९६२
UGC 'CARE' list Ind. Lang. Sl. No. 97

# आधुनिक परिप्रेक्ष्य में वैदिक शिक्षा-पद्धति की प्रासङ्गिकता

डॉ. विश्वेश वाग्मी

शिक्षा किसी भी राष्ट्र की सभ्यता एवं संस्कृति का अनिवार्य अंग माना जाता है यही कारण है कि प्राचीनतम वैदिक वाङ्मय से लेकर अद्यावधि भारतीय शास्त्रों की विभिन्न विचारसरणियों में विद्या अथवा शिक्षा के स्वरूप पर अत्यन्त व्यापक एवं सुव्यवस्थित चिन्तन किया गया है। यद्यपि वैदिक वाङ्मय में **शिक्षा** शब्द का प्रयोग एक निश्चित **शाब्दिक सम्प्रेषण** के अर्थ में हुआ है[१] तथापि कालान्तर में शिक्षा शब्द एक व्यापक मानव-निर्माण की प्रक्रिया के रूप में प्रयुक्त होने लगा। वैदिक वाङ्मय में मनुष्य की सम्पूर्ण व्यक्तिगत, सामाजिक एवं आध्यात्मिक उन्नति के लिए महत्त्वपूर्ण शैक्षिक तत्त्वों का विवेचन किया गया है। भारत के प्राचीन विद्या-केन्द्र इन्हीं मूल उद्देश्यों की पूर्त्ति हेतु सदैव सचेष्ट रहे हैं जिनसे मनुष्य एक सफल एवं सुखमय जीवन व्यतीत करता हुआ मोक्ष की प्राप्ति कर सके।

भारत की प्राचीन वैदिक शिक्षा ने भौतिक एवं आध्यात्मिक दोनों ही क्षेत्रों में ऐसे ज्ञान-विज्ञान का आविष्कार किया जिसका ऋणी आज भी विश्व का दार्शनिक तथा वैज्ञानिक जगत् है। प्राचीन काल में भारत को बौद्धिक तथा सांस्कृतिक क्षेत्र में विश्व में जगद्गुरु के नाम से जो गौरव प्राप्त हुआ उसका श्रेय भारत की प्राचीन वैदिक शिक्षा पद्धति को ही जाता है। अपनी विशिष्ट शिक्षा पद्धति के कारण ही भारत ने अनेक शताब्दियों तक न केवल विश्व का सांस्कृतिक नेतृत्व किया, अपितु कला-कौशल, व्यापार एवं विज्ञान के क्षेत्रों में भी अग्रणी रहा। भारतीय संस्कृति एवं दर्शन की विजय पताका सुमात्रा, जावा, जापान, चीन, कोरिया तथा मध्य एशिया के देशों में सहस्रों वर्षों तक लहराती रही[२] किन्तु देश का दुर्भाग्य है कि स्वतन्त्रता प्राप्ति के पश्चात् भारत वर्ष में वैदेशिक संस्कारों से अनुप्राणित एवं तथाकथित वामपन्थी बुद्धिजीवियों ने प्राचीन भारतीय शिक्षा व्यवस्था को महत्त्वहीन सिद्ध कर पाश्चात्य शिक्षा प्रणाली को ही सर्वतोभावेन प्रचारित-प्रसारित करने में अपनी ऊर्जा लगाई है।

उल्लेखनीय है कि वर्तमान शिक्षा प्रणाली मैकाले की देन है। १८२३ में लार्ड विलियम बैंटिक ने भारत में शिक्षा के सुधार का दायित्व लार्ड मैकाले को दिया। उसने कहा था कि- 'मेरा उद्देश्य इस

---

१ तत्र वर्णानां स्थानकरणप्रयत्नादिभिः निष्पत्तिनिर्णायिनी शिक्षा आपिशलीयादिका। काव्यमीमांसा, अध्याय-२

२ प्राचीन भारतीय शिक्षा पद्धति, पृ. ६

शिक्षा से केवल यही है कि भारत में अधिक से अधिक लिपिक पैदा हों, जिससे यह देश बहुत दिनों तक गुलाम बना रहे।' इस संकुचित शिक्षण पद्धति में यद्यपि कतिपय नवीन विषयों का समावेश अवश्य था, परन्तु शिक्षा का मूलभूत प्राणतत्त्व नहीं था। फलतः यह प्रणाली मात्र उदरपूर्ति तक सीमित रही। अतएव विविध शिक्षाविदों ने इस पाश्चात्य शिक्षा पद्धति की भूरि भूरि भर्त्सना की है। उनका कथन है कि केवल मानसिक विकास से मानव सब तरह से सुखी नहीं हो सकता। यह पद्धति जब तक चलती रहेगी तब तक देश का पूर्णतम विकास सम्भव नहीं है। वर्तमान उदण्डता, अनुशासनहीनता, अनैतिकता, चारित्रिक पतन, माता-पिता एवं गुरु के प्रति श्रद्धाहीनता आदि दोष इसी शिक्षा पद्धति के कारण हैं।[१]

पाश्चात्य शिक्षा पद्धति के इन दुष्परिणामों को लक्षित कर सर्वप्रथम महर्षि दयानन्द सरस्वती ने विदेशी शिक्षा एवं शासन का पुरजोर विरोध करते हुए कहा कि वैदेशिक शिक्षा एवं शासन चाहे कितने भी अच्छे क्यों न हों परन्तु स्वदेशी परिस्थितियों में स्वदेशी शिक्षा एवं शासन ही सर्वोत्तम होते हैं। स्वतन्त्रता प्राप्ति के पश्चात् भी अनेक भारतीय विद्वानों विशेषकर आर्यसमाजी चिन्तकों ने पाश्चात्य शिक्षा प्रणाली की अव्यवहारिकता एवं अनुपयोगिता को समझकर वैदिक संस्कारों से अनुप्राणित एक समन्वित शिक्षण विधि को सञ्चालित करने की योजना भी निर्वाचित सरकारों के समक्ष प्रस्तुत की किन्तु महती विडम्बना है कि अद्यावधि हम अपनी शिक्षा-दीक्षा को मैकाले के चंगुल से मुक्त नहीं करा पाए हैं। जबकि आज समसामयिक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए वैदिक शिक्षा एवं संस्कारों का उपयोग शिक्षा के अभीष्ट लक्ष्यों की पूर्त्ति हेतु अत्यन्त आवश्यक है। प्रस्तुत शोध लेख आधुनिक शिक्षा व्यवस्था में व्याप्त इन्हीं समस्याओं का आकलन करते हुए वर्तमान समय में वैदिक शिक्षा पद्धति की उपयोगिता को सिद्ध करने का एक प्रयास मात्र है।

वैदिक शिक्षा पद्धति का मुख्य उद्देश्य मानव की अन्तर्निहित उन शक्तियों, कुशलताओं एवं गुणों का विकास करना है जिनसे वह अपने जीवन के उद्देश्यों को प्राप्त करने में सफल हो सके। वैदिक परम्परा के अनुसार मानव जीवन का प्रमुख लक्ष्य है- धर्माचरण के द्वारा अर्थ एवं काम पुरुषार्थों की साधना करते हुए परमपुरुषार्थ मोक्ष अर्थात् सच्चिदानन्दस्वरूप परमात्मा की प्राप्ति करना। वैदिक दृष्टि से विद्या प्राप्त करने का प्रमुख उद्देश्य भी यही है।[२] वैदिक वाङ्मय में इस परम लक्ष्य की प्राप्ति हेतु व्यावहारिक शिक्षा की आवश्यकता पर भी बल दिया गया है। यजुर्वेद के ४०वें अध्याय में वैदिक ऋषि का स्पष्ट निर्देश है -

**विद्यां चाविद्यां च यस्तद्वेदोभयं सह। अविद्यया मृत्युं तीर्त्वा विद्ययाऽमृतमश्नुते॥**[३]

१ प्राचीन भारत में शिक्षा व्यवस्था, पृ० १५०

२ सा विद्या या विमुक्तये। विष्णु पुराण, १.१९.४१

३ यजुर्वेद, ४०.१४

**अन्धं तमः प्रविशन्ति येऽविद्यामुपासते। ततो भूय इव ते तमो य उ विद्यायां रताः॥**[१]

जो लोग विद्या (अध्यात्म विद्या या परा विद्या) और अविद्या (लौकिक विद्या या अपरा विद्या) दोनों को साथ-साथ जानते हैं, वे ही भौतिक विद्या के सहारे सुखपूर्वक इस मर्त्यलोक को पार कर अध्यात्म विद्या के सहारे अमृततत्त्व या मोक्ष के अधिकारी होते हैं। जो लोग केवल अविद्या अर्थात् लौकिक शास्त्रों की उपासना करते हैं वे अन्धकार में पडे हुए हैं किन्तु उनसे भी अन्धकार में वे लोग हैं जो केवल अध्यात्म विद्या में लीन रहते हैं। इस प्रकार वैदिक शिक्षा-दर्शन उपर्युक्त दोनों प्रकार की विद्याओं का सामञ्जस्य है। डॉ० अनन्त सदाशिव अल्तेकर ने प्राचीन भारतीय शिक्षा के सन्दर्भ में लिखा है- 'प्राचीन भारत में शिक्षा अन्तर्ज्योति और शक्ति का स्रोत मानी जाती थी, जो शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक और आत्मिक शक्तियों के सन्तुलित विकास से हमारे स्वभाव में परिवर्तन करती तथा उसे श्रेष्ठ बनाती है। इस प्रकार शिक्षा हमें इस योग्य बनाती है कि हम समाज में एक विनीत और उपयोगी नागरिक के रूप में रह सकें। यह अप्रत्यक्ष रूप से हमें इहलोक और परलोक दोनों में आत्मिक विकास में सहायता देती है।'[२]

अतः कहा जा सकता है कि वैदिक शिक्षा-दर्शन एक आदर्शवादी शिक्षा-दर्शन है। किन्तु आदर्शवाद के सिद्धान्त का जो स्वरूप युरोप में प्रचलित हुआ, वैदिक आदर्शवाद उससे सर्वथा भिन्न है। वैदिक शिक्षण छात्र को केवल किसी विशेष सिद्धान्त के अनुसार शिक्षा देना मात्र ही पर्याप्त नहीं समझता अपितु संस्कारों के द्वारा शरीर, मन, बुद्धि एवं आत्मा के गठन की व्यवस्था सुनिश्चित करता है।[३] इस रूप में वैदिक शिक्षण पद्धति पूर्णतः व्यावहारिक एवं प्रायोगिक है। विद्यार्थी ब्रह्मचर्याश्रम में २५वर्ष की आयु तक निरन्तर आचार्य के सानिध्य, सम्पर्क एवं निर्देशन में रहता था। उसके प्रत्येक क्षण की उपयोगिता निर्धारित थी। तत्कालीन शिक्षण पद्धति मात्र कक्षा तक ही सीमित नहीं थी अपितु प्रातःकालीन जागरण से रात्रि में शयन तक विद्यार्थी के प्रत्येक आचरण, व्यवहार, पठन-पाठन आदि क्रियाओं का निरन्तर शोधन, परिष्कार एवं परिमार्जन की प्रक्रिया चलती रहती थी। इस तरह विद्यार्थी सतत अनुकरण, श्रवण, मनन, चिन्तन एवं निदिध्यासन से पाठ्य विषयों को प्रत्यक्षतः प्राप्त कर लेता था।

आधुनिक शिक्षण पद्धति में इस प्रकार की आत्मीयता, तादात्म्य, सद्यः संवाद एवं दोष निवारण की क्षमता नहीं है। इस पद्धति में गुरु एवं शिष्य दोनों दो ध्रुवों पर स्थित हैं। दोनों के बीच की दूरी बढती जा रही है। वस्तुतः किसी भी पद्धति के लिये आवश्यक है कि गुरु एवं शिष्य के मध्य

---

१ वही, ४०.१२

२ Altekar- Education in Ancient Indian, p. 178

३ प्राचीन भारतीय शिक्षा पद्धति, पृ. १३

सतत रूप से एक स्वस्थ संवाद बना रहे किन्तु आधुनिक पद्धति में शिक्षक एवं शिक्षार्थी के मध्य दिन-प्रतिदिन संघर्ष के अवसर विकसित होते जा रहे हैं, जिसके अनेकों कारण विद्यमान हैं।[१]

इस सन्दर्भ में ५ सितम्बर २०१८ को शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में प्रसिद्ध समाचार-पत्र दैनिक जागरण में वर्तमान शिक्षा व्यवस्था से सम्बन्धित हाल ही में छपा एनसीईआरटी के भूतपूर्व निदेशक श्री जगमोहन सिंह राजपूत का लेख विशेष रूप से उल्लेखनीय है। वे लिखते हैं कि 'वर्तमान शिक्षा व्यवस्था में छात्रों के सम्पूर्ण व्यक्तित्व-विकास की सम्भावना लगातार कम होती जा रही है। सारा ध्यान केवल अधिक से अधिक अंक प्राप्ति पर है। यह सुनने में तो अच्छा लग सकता है कि कक्षाओं में सीसीटीवी कैमरे लगाने से शिक्षा में माता-पिता की भागीदारी बढ जायेगी किन्तु साथ ही छात्र और अध्यापक की सहजता और पारस्परिकता समाप्त होकर परस्पर संवेदनहीनता भी बढेगी। जो किसी भी शिक्षा व्यवस्था के लिए सही नहीं है। शिक्षकों की स्वायत्तता का मखौल उडाकर कुछ भी सकारात्मक प्राप्त नहीं किया जा सकता। शिक्षण संस्थानों को थानों में बदलने से नकारात्मकता की ही वृद्धि होगी'।[२] एक महान् शिक्षाविद् की इस प्रकार की चिन्ता यह दर्शाती है कि आधुनिक शिक्षण पद्धति किस तरह से दूषित हो चुकी है जिसके द्वारा केवल यान्त्रिकता को ही अधिक बढावा दिया जा रहा है, विद्यार्थी का सम्पूर्ण विकास की ओर कोई ध्यान नहीं है।

इसलिए आज विद्यार्थी अथवा इस देश के प्रत्येक नागरिक के सम्पूर्ण व्यक्तित्व-विकास के विषय में यदि आज जागरूकता विकसित करनी है तो निश्चय ही वैदिक शिक्षा व्यवस्था की निम्नलिखित विशेषताओं का उपयोग कर आधुनिक शिक्षा को समयानुकूल प्रासङ्गिक बनाना होगा।

### १. गुरुकुलीय शिक्षा -

किसी भी शिक्षा व्यवस्था की सफलता के लिए उचित परिवेश का होना अत्यन्त आवश्यक है। भोग विलास के वातावरण से दूर रहकर मनोरम प्राकृतिक वातावरण में ही आत्मसंयम एवं आत्मनिर्भरता का भाव विकसित हो सकता है। भिक्षाटन, पर्यटन, परिसंवाद, शास्त्रार्थ एवं अरण्य-जीवन गुरुकुलीय शिक्षा के अनिवार्य अंग थे। गुरुकुलीय वातावरण में राजा एवं रंक दोनों की ही सन्तान विना भेदभाव के त्याग, तपस्या एवं परिश्रम में लीन रहती थी। आचार्य विना किसी भेद-भाव के समस्त छात्रों को अपने समीप बैठाकर **"सह नाववतु सह नौ भुनक्तु"** [३] का उपदेश देता था एवं उनकी शिक्षा, पोषण एवं रक्षा के दायित्त्व का निर्वाह एक माता के समान किया करता था। इस सम्बन्ध में अथर्ववेद के ब्रह्मचर्य सूक्त का वर्णन विश्व साहित्य में अद्वितीय है-

---

१ प्रा. भा. शि. व्यव. पृ. १५१-१५३

२ साभार दैनिक जागरण, ५ सितम्बर २०१८

३ कठोपनिषद्, शान्तिपाठ

**"आचार्य उपनयमानो ब्रह्मचारिणं कृणुते गर्भमन्तः।**
**तं रात्रीस्तिस्त्र उदरे बिभर्त्ति तं जातं द्रष्टुमभिसंयन्ति देवाः॥"**[१]

## २. आध्यात्मिक भावना का विकास -

वैदिक शिक्षा का प्रधान लक्ष्य विद्यार्थियों को परम-तत्त्व का ज्ञान कराना था जो कि मानव जीवन का अन्तिम लक्ष्य माना गया है। इस लक्ष्य-प्राप्ति की तात्त्वक अभिव्यञ्जना मुख्य रूप से उपनिषदों में प्राप्त होती है। इसके अनुसार परमतत्त्व ब्रह्म अथवा अन्तिम सत्ता मनुष्य स्वयं है। समस्त भासमान जगत् भी उसी ब्रह्म से परिव्याप्त है- **तत्त्वमसि।**[२] **सर्वं खल्विदं ब्रह्म।**[३]

अतः मनुष्य का यह धर्म है कि उचित कर्मोपासना में प्रवृत्त होकर अन्तःकरण की शुद्धि के द्वारा परम ज्ञान प्राप्त कर सके। वेदों के अनुसार ब्रह्म, जीव तथा जगत् के तात्त्वक सम्बन्ध के परिज्ञान का नाम ही विद्या है, यही वास्तविक ज्ञान है। जीवन का यही अन्तिम लक्ष्य है, विद्या का यही तात्पर्य और शिक्षा का यही उद्देश्य है। यह विद्या लौकिक विद्या नहीं अपितु अध्यात्मविद्या है। योगेश्वर श्रीकृष्ण श्रीमद्भगवद्गीता में स्वयं कहते हैं कि - **अध्यात्मविद्या विद्यानां**........।[४] इस प्रकार भारतीय शिक्षा पद्धति में कर्म की उपासना करते हुए मोक्ष प्राप्ति को ही जीवन का साध्य बतलाया गया है।

## ३. आचरण की पवित्रता -

भारतीय संस्कृति में आचरण की पवित्रता पर विशेष ध्यान दिया गया है। समस्त वेदों का ज्ञाता भी यदि चरित्र अथवा सदाचार से हीन है तो वह भी निन्दनीय माना गया है। **सत्यं वद, धर्मं चर, स्वाध्यायान्मा प्रमदः**[५] आदि वाक्यों से सत्यनिष्ठ अभिव्यक्ति, धर्माचरण के अनुरूप आचार-विचार और व्यवहार के साथ-साथ अध्ययन के प्रति निश्छल भाव स्पष्टतः परिलक्षित होता है। ब्रह्मचर्याश्रम में विद्यार्थी शास्त्रोक्त नियमों एवं निर्देशों का पालन करता हुआ जितेन्द्रिय होकर सदाचरण एवं शील के महत्त्व को आत्मसात् कर लेता था। ब्रह्मचारी का जीवन त्याग-तपस्या और नियम का जीवन था। तभी तो वैदिक ऋषि कहता है कि - **ब्रह्मचारी ब्रह्म भ्राजद् बिभत तस्मिन् देवा अधि विश्वे समोताः।**[६] अर्थात् ब्रह्मचर्य व्रत का आचरण करने वाला ही ब्रह्मज्ञान का अधिकारी होता है।

---

१ अथर्ववेद ११.५.३

२ छान्दोग्य उपनिषद् ३.८.७

३ वही ३.१४.१

४ गीता १०.३२

५ तैत्तिरीयोपनिषद् १.११

६ अथर्ववेद ११.५.२४

## ४. राष्ट्र के प्रति अनुराग एवं विश्वबन्धुत्व-

विश्व में राष्ट्रवाद एवं विश्व-बन्धुत्व की संकल्पना का सर्वप्रथम प्रामाणिक उल्लेख वैदिक संहिताओं में ही प्राप्त होता है। **माता भूमिः पुत्रोऽहं पृथिव्याः**[१], **कृण्वन्तो विश्वमार्यम्**[२] आदि वाक्य वैदिक राष्ट्रवाद एवं विश्वबन्धुत्व की भावना को ही परिपुष्ट करते हैं। राष्ट्रवाद एवं विश्वन्धुत्व की इस परिकल्पना को मूर्त्तरूप देने के उद्देश्य से ही वैदिक ऋषियों ने पृथ्वी[३] एवं संज्ञान[४] सूक्तों की संरचना द्वारा समस्त मानव जाति को सद्भाव, सह-अस्तित्व एवं सम्पूर्ण धरा के लिए संवेदनात्मक अभिव्यक्ति का सन्देश दिया है। यजुर्वेद के **राष्ट्रीय मन्त्र**[५] में राष्ट्र के सभी अंगों के साथ-साथ उसके उत्थान की प्रार्थना की गई है। राष्ट्र की सर्वप्रथम आवश्यकता अज्ञानता को दूर करते हुए ज्ञान का प्रचार एवं प्रसार करना है जो शिक्षा से ही सम्भव है।

## ५. धर्माधारित ज्ञान-विज्ञान एवं कला की शिक्षा-

वैदिक शिक्षा पद्धति के अनुसार सम्पूर्ण ज्ञान-विज्ञान, वैज्ञानिक आविष्कार एवं कला-कौशल, धर्मानुकूल एवं मानवीय संवेदनाओं में हस्तक्षेप करने वाला नहीं होना चाहिए। पुरुषार्थ चतुष्टय में अर्थ और काम की सार्थकता भी तभी तक मानी जा सकती है जब तक वह धर्म के विरुद्ध न हो।[६] इसी दृष्टि को आधार बनाकर प्राचीन काल में भारत कला, संस्कृति एवं औद्योगिक क्षेत्र में विश्व में अग्रणी देश माना जाता रहा है तथा जगद्गुरु के नाम से विख्यात रहा है।

## ६. तेजस्वी जीवनवाद-

वैदिक आर्ष शिक्षा से विमुख होने के कारण बौद्ध दर्शन से प्रभावित विभिन्न भारतीय दार्शनिक ग्रन्थों की मूल स्थापना में- संसार दुःखमय है एवं उससे छुटकारा पाने के लिए ही मोक्ष की आवश्यकता है[७] जैसे जगत् और जीवन के प्रति नैराश्यवाद के समर्थक सिद्धान्तों का विकास हुआ किन्तु वैदिक शिक्षा पद्धति के सम्यक् विश्लेषण से ज्ञात होता है कि वैदिक शिक्षा में उपर्युक्त निराशावाद का किञ्चिदपि लक्षण दिखाई नहीं देता। वैदिक ऋषि तो समस्त संसार को जीवन शक्ति प्रदान करने वाले सूर्य की ओर देखकर उत्साह से परिपूर्ण होकर कह उठता है-

---

१ वही १२.१.१२

२ ऋग्वेद ९.६३.५

३ अथर्ववेद १२.१.१२

४ ऋग्वेद १०.१९१

५ आ ब्रह्मन् ब्राह्मणो ..............। यजुर्वेद २२.२२

६ धर्माविरुद्धो भूतेषु कामोऽस्मि भरतर्षभ। गीता ७.२१

७ दुःखत्रयाभिघाताज्जिज्ञासा तदपघातके हेतौ।
दृष्टे सा पार्था चेन्नैकान्तात्यन्ततोऽभावात्॥ साङ्ख्यकारिका १

**तच्चक्षुर्देवहितं पुरस्ताच्छुक्रमुच्चरत्। पश्येम शरदः शतं जीवेम शरदः शतं शृणुयाम शरदः शतं प्र ब्रवाम शरदः शतमदीनाः स्याम शरदः शतं भूयश्च शरदः शतात्॥**[1]

सम्पूर्ण वैदिक वाङ्मय में पदे-पदे इसी तेजस्वी जीवनवाद का दिग्दर्शन होता है न कि जीवन से छुटकारा पाने की निराशा का वर्णन। वैदिक ऋषि के अन्तःकरण में ऐश्वर्य व जीवन के सम्बन्ध में किसी भी प्रकार की हीनता का भाव नहीं है। ऋग्वेद का ऋषि कहता है- **न ऋते श्रान्तस्य सख्याय देवाः**[2] अर्थात् जो पुरुषार्थ करता है अथवा पसीना बहाकर श्रम करता है, परमात्मा उसी का मित्र व पृष्ठपोषक है। ऐतरेय ब्राह्मण में इन्द्र ने हरिश्चन्द्र के पुत्र रोहित को अविश्रान्त रूप से उद्योग एवं पुरुषार्थ की प्रेरणा देते हुए कहा है-

**चरन् वै मधु विन्दति चरन् स्वादुमुदुम्बरम्।**
**सूर्यस्य पश्य श्रेमाणं यो न तन्द्रयते चरन्। चरैवेति चरैवेति॥**[3]

उपर्युक्त विवेचन से यह स्पष्ट है कि वैदिक शिक्षा पद्धति उन सर्वश्रेष्ठ सिद्धान्तों पर आधारित है जिनकी वर्तमान समय में अत्यन्त प्रासाङ्गिकता है। दुर्भाग्यवश स्वन्त्रता प्राप्ति के ७३ वर्षों के पश्चात् भी विदेशी शिक्षा पद्धति ही सर्वत्र व्याप्त दिखाई देती है। जिसके परिणाम स्वरूप नवोदित भारतीय पीढी आज अपनी अनमोल सांस्कृतिक धरोहर से अनभिज्ञ, मौलिक चिन्तन एवं ज्ञान-विज्ञान से वञ्चित तथा चरित्र निर्माण से असम्बद्ध होकर विनाश के कगार पर खडी हुई है। अतः देशभक्त विचारकों एवं संस्थाओं को संगठित एवं सक्रिय होकर इस दिशा में चिन्तन करने की आवश्यकता है जिससे समयानुकूल उचित संशोधनों के साथ वैदिक शिक्षा पद्धति को आधार बनाकर आधुनिक शिक्षा व्यवस्था में आमूल-चूल परिवर्तन कर उसे प्रासङ्गिक बनाया जा सके।

**डॉ. विश्वेश वाग्मी**
असिस्टेन्ट प्रोफेसर, संस्कृत विभाग
राजकीय महिला महाविद्यालय, कोटा, सहारनपुर (उ. प्र.)

**सहायकग्रन्थसूची :-**

*अथर्ववेदः (अथर्व)* , सम्पा.दमोदरसातवलेकरः, वलसाड : स्वध्यायमण्डलः, १८६५

*ऋग्वेदः*, सम्पा. रामगोविन्दशास्त्री, वाराणसी : चौखाम्बाविद्याभवन, २००७।

१ यजुर्वेद ३६.२४

२ ऋग्वेद ४.३३.११

३ ऐतरेय ब्राह्मण ७.१५

*ऐतरेयब्राह्मणम्,* सम्पा.सत्यव्रतसामश्रमी, कोलकाता : १८९५।

*कठोपनिषद्,* भा. शङ्कर, नरसापुर : श्रीसच्चिदानन्द योगमठ, १९७२।

*काव्यमीमांसा,* सम्पा. चरुमौलि द्विवेदी, वाराणसी : भारतीय विद्या संस्थान, २००४।

*छान्दोग्योपनिषद्,* गोरक्षपुर : गीताप्रेस, २०००।

*तैत्तिरीयोपनिषद्,* गोरक्षपुर : गीताप्रेस, १९९२।

*विष्णुपुराणम्,* अनु. श्रद्धाशुक्ला, दिल्ली : नागप्रकाशनम्, १९९६।

*शुक्लयजुर्वेद (माध्यन्दिनसंहिता - श.यु.वे.),* सम्पा.रामकृष्णशास्त्री, वाराणसी : चौखम्बाविद्याभवन, २०१३।

*सांख्यकारिका,* सम्पा. जगन्नाथशास्त्री, वाराणसी : चौखाम्बाविद्याभवन, २००९।

*सदाशिव,* अनन्त. प्राचीन भारतीय शिक्षा पद्धति, वाराणसी : अनुराग प्रकाशन, २०१४।

अङ्क- ३५
जनवरी - जून २०२०

**वेदविद्या**
ISSN-२२३०-८९६२
UGC 'CARE' list Ind. Lang. Sl. No. 97

# अभिलेख-साक्ष्यों के आधार पर प्राचीन भारत के विविध प्रदेशों में प्रचलित वेद शाखाओं का अनुसन्धान

**विरूपाक्ष वि. जड्डीपाल्**

## भूमिका

भारतीय वैदिक परम्परा की निरन्तरता का प्रमाण केवल मौखिक श्रुति-परम्परा ही नहीं है, बल्कि राजाश्रय, ब्रह्मदेय-अग्रहार व्यवस्था तथा शिलालेखीय प्रमाणों का भी इसमें अत्यन्त महत्त्वपूर्ण योगदान है। वैदिक अध्ययन, अध्यापन तथा यज्ञीय परम्पराओं के संरक्षण के लिए राजाओं द्वारा प्रदत्त भूमिदान, ग्रामदान तथा आर्थिक व्यवस्थाएँ केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं थीं, अपितु वे सुव्यवस्थित शैक्षिक संस्थाओं की स्थापना का माध्यम थीं। महाभारत के आश्रमवासिकपर्व में ब्रह्मदेय और अग्रहार[१] का उल्लेख इस संस्थागत वैदिक व्यवस्था का प्राचीन साहित्यिक प्रमाण प्रस्तुत करता है। ताम्रपत्रों और शिलालेखों में "भूखण्डमेकं बलिचरुसत्त्रप्रवर्तनाय ब्राह्मणोप-योगाय च" "बलि-चरु-वैश्वदेवाग्निहोत्र-ब्रह्मक्रियोत्सर्पणार्थम्[२]" उल्लेख बलि के रूप में देवता हेतु भोग, चरु के रूप में याग हेतु हविस्, सत्त्र के रूप में विद्या अध्ययन केलिए अग्रहार रूप में ऐतिहासिक और भौतिक स्वरूप को स्पष्ट करते हैं।

यह शोध पत्र विभिन्न प्राचीन अभिलेखों में उल्लिखित गोत्र, प्रवर, सूत्र, शाखा, वेदाध्ययन, चतुर्वेदी ग्राम, त्रिवेदी और द्विवेदी विप्रों के उल्लेखों के आधार पर वैदिक शाखाओं के भूगोल, उनके संरक्षण, राजाश्रित संरचना तथा शैक्षिक स्वरूप का सुविचारित आकलन प्रस्तुत करता है।

---

१ ब्रह्मदेयाग्रहारांश्च परिहारांश्च पार्थिव। पूर्वराजातिसर्गांश्च पालयत्येव पाण्डवः॥ महाभारतम्, १५. (आश्रमवासिकपर्व) १६.१५
त्वमीश्वरो नो राज्यस्य प्राणानां चेति भारत॥१०॥ ब्रह्मदेयाग्रहारांश्च पुत्राणां चौर्ध्वदेहिकम्। इतो रत्नानि गांश्चैव दासीदासमजाविकम्॥११॥
आनयित्वा कुरुश्रेष्ठो ब्राह्मणेभ्यो प्रयच्छतु। महाभारतम्, १५. (आश्रमवासिकपर्व) १९.११. गवाश्वमकरावर्तो नारीरत्नमहाकरः॥१२॥ ग्रामाग्रहारकुल्याढ्यो मणिहोमजलार्णवः। जगत्संप्लावयामास धृतराष्ट्रदयाम्बुधिः॥१३॥ महाभारतम्, १५. (आश्रमवासिकपर्व) २०.१३. अरिमध्यस्थमित्रेषु वर्तसे चानुरूपतः। ब्राह्मणानग्रहारैर्वा यथावदनुपश्यसि ? महाभारतम्, १५. (आश्रमवासिकपर्व) ३३.४

२ ताम्रपट्टपाठ देखे।

**स्रोत एवं पद्धति**

इस शोध का आधार विभिन्न क्षेत्रों से प्राप्त ताम्रपत्रों और शिलालेखों के वे अंश हैं जिनमें वेद, शाखा, गोत्र, प्रवर, सूत्र तथा ब्राह्मणों की शैक्षिक विशेषज्ञता का स्पष्ट उल्लेख प्राप्त होता है। इन अभिलेखों में ब्रह्मदेय, अग्रहार, चतुर्वेदिग्राम, यजन-याजन, अध्ययन-अध्यापन तथा अग्निहोत्रादि कर्मों के लिए ग्रामदान की व्यवस्था का विवरण मिलता है। इन सूचनाओं के आधार पर वैदिक शाखाओं के ऐतिहासिक अस्तित्व, उनके क्षेत्रीय वितरण तथा संस्थागत शिक्षण संरचना का विश्लेषण किया गया है।

**ब्रह्मदेय एवं अग्रहार : वैदिक शिक्षा केन्द्रों का स्वरूप**

अभिलेखीय प्रमाणों से स्पष्ट होता है कि ब्रह्मदेय और अग्रहार केवल करमुक्त ग्राम नहीं थे, बल्कि वे वेद अध्ययन के आवासीय केन्द्र थे एवं भारतीय संस्कृति के संरक्षक केन्द्र थे। वीरराजेन्द्र चोल के कन्याकुमारी अभिलेख में चालीस हजार त्रयीविद् विप्रों को भूमिदान का उल्लेख एक विशाल वैदिक शिक्षण संरचना का, आज के वैदिक विश्वविद्यालय का समरूप का संकेत देता है[१]। हुली[२] के शिलालेख में यजन, याजन, वेद अध्ययन और वेद अध्यापन में संलग्न वेदविद् ब्राह्मणों के

---

[१] Extract from Epigraphia Indica, Vol. No. XVIII, (१९२५-२६), pp. ३८-३९;
अस्मिन्वंशेऽजनि विदळन्नोजसा राजवृन्दं
चोळो नामा क्षितिपतिरतिस्फीतराजन्यकालः।...... ॥ २८॥
तं हत्वा रजनिचरं स तत्र भूपः कावेरीमनु विचचार भूरिचारः।
क्षीराम्भोनिधिमथनात् सुरैरवाप्तं पीयूषं भुवि सलिलच्छलाद्वहन्तीम्॥
तत्र स्नात्वा .... द्विजेभ्यो नापश्यत्तान् वश्यचित्तस्तादानीम्।
आर्यावर्ताद्विप्रवर्याननेकान् आनीयाध्यावासयामास तीरे ॥ ३३॥ Kanyakumari Inscription of Vira Rajendra: 7th Year.
Extract from Epigraphia Indica, Vol. No. XVIII, (१९२५-२६), pp. ४७-३९; वीरचोळनृपतिः करिकालः कालयन् कलिबलं सकलं सः। धर्मशासनसमुच्चयमुच्चं व्यातनोति हितसारसमेतम्॥७८॥ चोळतुण्डीरपाण्ड्येषु गङ्गावाटिकुलूतयोः। वीरराजेन्द्रनामासौ ब्रह्मदेयानकल्पयत्॥८०॥ चत्वारिंशत्सहस्राणि ब्राह्मणानां त्रयीविदाम्। अतोषयद्भूमिदानैरस्थापयदतिस्थिरम्॥८१॥ Kanyakumari Inscription of Vira Rajendra: 7th Year.

[२] Huli Inscriptions (Saundatti, Belgaum Dist.) Extract from Epigraphia Indica, Vol. No. XVIII, (१९२५-२६), pp. १७५. यजन-याजन-अध्ययन-अध्यापन-दान-प्रतिग्रह-षट्-कर्मनिरतरुम् ....... हिरण्यगर्भ-ब्रह्म-मुख-कमलविनिर्गत-ऋग्यजुस्साम-अथर्वण-समस्तवेद-वेदाङ्गोपाङ्ग-अनेकशास्त्र-अष्टादशस्मृति-पुराण-काव्य-नाटक-धर्म-आगम-प्रवीणरुम् सप्तसोमसंस्था-अवभृथ-अवगाहन-पवित्रीकृतगात्ररुम्.......

लिए महाग्रहार की स्थापना का वर्णन मिलता है, जिससे यह सिद्ध होता है कि ये केन्द्र वेद गुरुकुलीय पद्धति पर आधारित आवासीय वैदिक विश्वविद्यालयों के समान थे। सैन्धव[१] ताम्रपत्रों में अग्निहोत्र, वैश्वदेव और बलि-चरु जैसे वैदिक अनुष्ठान-निर्वाह हेतु ग्रामदान का विधान वैदिक आचार-व्यवस्था के राजकीय संरक्षण का सशक्त प्रमाण है। इससे स्पष्ट होता है कि राज्य द्वारा वैदिक शाखाओं के पोषण हेतु स्थायी आर्थिक आधार निर्मित किया गया था।

### ऋग्वेद शाखाध्यायियों का अभिलेखीय प्रमाण

ऋग्वेद की आश्वलायन परम्परा का उल्लेख श्रीरंगम[२] के ताम्रपत्र में प्राप्त होता है, जहाँ आश्वलायनसूत्रीय ऋग्वेदवेदिन् को दान का उल्लेख है। सैन्धव अभिलेखों में बह्वृच ब्रह्मचारी का उल्लेख पश्चिम भारत में ऋग्वेदीय परम्परा के अस्तित्व का प्रमाण प्रस्तुत करता है। आज ऋग्वेद की शाकल शाखा केवल दक्षिण भारत में एवं महाराष्ट्र में ही प्रचलित है। किन्तु बहुत वर्ष पहले

श्रीमन्महाऽग्रहारम्--- पुलियूरोडेय... Huli stone Inscription in the reigns of Jagadekamalla II; (शकवर्ष ९६६) १०४४ AD and Someshwara I, (शकवर्ष १०६७) ११४५ AD , Western Chalukya dynasty or Badami Chalukya Dynasty or Kalyani Chalukya.

[१] Extract from Epigraphia Indica, Vol. No. XXVI,(१९४१-४२), p.२०२, गलमिकाभिधान-ग्रामस्य दशांशेन सहितः सोमेश्वरवास्तव्यचातुर्वैद्यसामान्यसांकृत्यसगोत्रबह्वृचसब्रह्मचारिब्राह्मण-चतुर्वेदमाधवायकल्याणपुत्रायोदकातिसर्गेण द्वादश्यामुदगयने दत्तो बलि-चरु-वैश्वदेवाग्निहोत्र-ब्रह्मक्रियोत्सर्पणार्थं ...............मातापित्रोरात्मनश्च पुण्ययशोऽभिवृद्धये....Six Saindhava Copper Plate Grants From Ghumli; grant of Agguka-II, Time around ८३२ AD. This is from present day Somnath in Gujarat. Village Ghumli is not exactly identified.

Extract from Epigraphia Indica, Vol. No. XXVI,(१९४१-४२), p.२१५, मया स्वभुज्यमानसुवर्णमंजरीविषयसंगृहीत-पिप्पलपद्रा-भिधानग्रामस्यादूरममुना दोण्डनीभट्टग्रामभुजा भट्टशंखधरर्णसूनुना वसिष्ठगोत्रेण बह्वृचब्रह्मचारिणा शिवरुद्राभिधेन कर्पटिना बाह्यालीपरिसरमनु संनिवेशिताभ्यः हरि-हरिदश्व-विनायकमातृभ्यो भक्तिभारमुद्वहता। दत्तं करभोगयुतं सहदण्डदशापराधं च। अस्यापरमर्धं ग्रामस्य तथैव करभरोपेतम्। कस्मैचिन्मठपतये देवालयपालनारतये॥....Six Saindhava Copper Plate Grants From Ghumli; grant of Ratnakara subordinate Saindhava branch. Time around ८८० AD. This is also from present day Gujarat near Kathiawad, village Pippalapadra, now called as Piplia. It was an Agrahar in Kathiawad region.

[२] Extract from Epigraphia Indica, Vol. No. XVIII,(१९२५-२६), pp. १४३, श्रीरङ्गस्थानपतये काश्यपान्वयजन्मने। ३३॥ **आश्वलायनसूत्राय सते ऋग्वेदवेदिने।** उत्तमनंबिपुत्राय भगवद्भक्तिशालिने॥ ३४॥ वलियडिमैनिलयिट्टपेरुमाळु उत्तमनंबिने। भक्तिश्रद्धासमायुक्तं हिरण्योदकपूर्वकम्॥। ऐकाधिपत्यमेव त्वमेतद्धुङ्क्ष्वेति दत्तवान्॥ Srirangam Plates of Devaraya-II (१३५६ AD).

ऋग्वेदीय शाखाओं का बहुत प्रसार उत्तर भारत[१] में राजस्थान से लेकर बिहार तक व्यापक प्रसार था। ऋग्वेद की विविध शाखाएं जीवित होकर प्रसार में थीं।

**यजुर्वेदीय शाखाध्यायियों का अभिलेखीय प्रमाण**

कृष्णयजुर्वेद की तैत्तिरीय शाखा के प्रमाण वाकाटक तथा चालुक्य काल के दानपत्रों में प्राप्त होते हैं, जहाँ गणयाजी और सब्रह्मचारी तैत्तिरीय ब्राह्मणों को ग्रामदान दिया गया था[२]। इससे यह स्पष्ट होता है कि तैत्तिरीय शाखा परम्परा दक्षिण भारत में व्यापक रूप से होकर मध्य भारत तक अत्यन्त सुदृढ थी। द्वितीय पुलिकेशि ने अनेक स्थानों पर वैदिक विप्रों को स्थापित कर वैदिक धर्म का विस्तार किया। उदाहरण केलिए -कोप्पारम ताम्र पत्र से आपस्तम्ब सूत्री वेद शर्मन् को दिये गये

---

१ Extract from Epigraphia Indica, Vol. No. XVIII,(१९२५-२६), pp. २२६-७. सोऽयं समस्तराजचक्रसंसेवितचरणः.....कान्यकुब्जाधिपतिः...परममाहेश्वर-श्रीमद्गोविन्दचन्द्रदेवो विजयते।कोटिपत्तलायां सासैमौअ(अद्य सीसमौ कानपुरपट्टणे) ग्रामे निवासिनः.... विदितमस्तु भवतां... वाराणस्यां कार्तिकपर्वणि गङ्गोदकेन स्नात्वा विधिवन्मन्त्र-देव-मुनि-मनुज-भूतपितृगणांस्तर्पयित्वा तिमिरपटलपाटनपटुमहसमुष्णरोचिषमुपस्थायौषधिपति-शकलशेखरं समभ्यर्च्य ......................मातापित्रोरात्मनश्च पुण्ययशोऽभिवृद्धये यथोपरिलिखितग्रामः ......अस्माभिः **भारद्वाजगोत्राय आङ्गिरस-बार्हस्पत्य-भारद्वाज-त्रिप्रवराय अवस्थी-श्रीमाल्हेपौत्राय ठक्कुरश्रीलाहुलपुत्राय श्रीसाहुलशर्मणे** ....आचन्द्रार्कं शासनीकृत्य प्रदत्तः....। Chattarpur Copperplate Inscription of Govindachandradeva of Kanauj. Vikrama Samvat ११७७ (११२०-२१ AD). Extract from Epigraphia Indica, Vol. No. XVIII, (१९२५-२६), pp. २४९........ श्रीपृथ्वीवल्लभ-श्रीमदमोघवर्षश्रीवल्लभनरेन्द्रदेवः कुशली........मान्यखेटराजधान्यातस्थितेन मया मातापित्रोरात्मनश्चैहिकामुष्मिक- पुण्ययशोऽभिवृद्धये। करडह-विनिर्गत-भारद्वाजाग्निवेश्याङ्गीरस-बार्हस्पत्यानां भारद्वाजसूत्रसब्रह्मचारिणे .......गोविन्दभट्टपुत्राय....तस्मिन् देशे **वत्ससूत्र**सब्रह्मचारिणे दावडि गहियसहासपौत्राय (द्राविडगृहीयसहासपौत्राय?) विष्णुभट्टपुत्राय.. त्रिविक्रमषडङ्गवित्।पुनरपि तस्मिन् देशे वत्सगोत्र-सब्रह्मचारिणे। हरिभट्टपौत्राय गोवादित्यभट्टपुत्राय...चतुष्कानां **बह्वृचशाखिनां**.....ग्रामो दत्तः। Sanjan Plates of Amoghavarsha-I, Shaka Samvat ७९३ (८७१ AD).

२ **Extract from Epigraphia Indica, Vol. No. XXVI,(१९४१-४२), p.१५२,** स्वस्ति नन्दिवर्धन। अग्निष्टोम-आप्तोर्याम-उक्थ्य-षोडश-अतिरात्र-वाजपेय-बृहस्पतिसव-साद्यस्क्र-चतुरश्वमेधयाजिनः ....वाकाटकानां महाराजाधिराज-श्री**प्रवरसेन**स्य सूनोः दौहित्रस्य..... गौतमीपुत्रस्य पुत्रस्य महाराजश्रीरुद्रसेनस्य सूनोः देवगुप्तसुतायां प्रभावतीसुतायां समुत्पन्नस्य प्रवरसेनस्य वचनात् सुप्रतिष्ठाहारे उमानद्या अपरपार्श्वे चिश्चापल्या उत्तरपार्श्वे बोन्धिक-वाटकस्य पूर्वे पार्श्वे मण्डुकि*ग्रामस्य दक्षिणे पार्श्वे **कोथुरकं** नाम ग्रामः, कौण्डिन्य-सगोत्रस्य तैत्तिरीयक-गणयाजि-कालुट्टब्रह्मचारिणे दत्ताः। Kothuraka Grant of Pravarasena-II (about ४२०-४५५ AD), *Mandagaon on the bank of river Wunna as per Wardha District Gazetteer. Wunna is a tributary to Godavari River in Chnadrapur district of Maharashtra.

भूमि दान का पता लगता है[1]। यह स्थान । आन्ध्र प्रदेश[2] में बहुत पूर्वकाल से ही तैत्तिरीय कृष्ण यजुर्वेद का व्यापक प्रचार था, पद-क्रमादि का विशेष अध्ययन चलता था। काकतीयवंश के राजाओं ने विविध गोत्र एवं चतुर्वेदी[3] विप्रों को बसाया, तथा उन को जीवन-वृत्ति प्रदान की। दक्षिण भारत के पल्लव-चोळ कालीन अभिलेखों में आपस्तम्ब और हिरण्यकेशी सूत्रीय ब्राह्मणों का उल्लेख कृष्णयजुर्वेदीय परम्पराओं के सघन संगठन का द्योतक है। विजयनगर साम्राज्य का काल दक्षिण भारत में वैदिक परम्परा, विशेषतः कृष्णयजुर्वेद की तैत्तिरीय शाखा के संरक्षण और संस्थागत विकास का एक महत्त्वपूर्ण युग था। देवराय द्वितीय तथा कृष्णदेवराय के शासनकाल में वेदाध्ययन को विशेषतः राजाश्रय प्राप्त हुआ, जिसके कारण यह परम्परा केवल पारिवारिक परम्परा तक सीमित न रहकर अग्रहारों, ब्रह्मदेय ग्रामों तथा मन्दिर-केन्द्रित शिक्षण संस्थानों में संगठित रूप में विकसित हुई।

## कृष्णयजुर्वेद की तैत्तिरीयशाखा एवं अभिलेखीय प्रमाण

कृष्णयजुर्वेद की तैत्तिरीय शाखा महाराष्ट्र, कर्नाटक, आन्ध्र और तमिल प्रदेश में व्यापक रूप से प्रचलित थी। तिरुमल-तिरुपति, काञ्चीपुरम्, श्रीरंगम्, कुम्भकोणम् तथा विजयनगर (हम्पि) के आसपास तैत्तिरीय वेदाध्यायियों के अग्रहार थे। इन केन्द्रों में कृष्णयजुर्वेद संहिता-पाठ, ब्राह्मण-आरण्यक-अध्ययन, अग्निहोत्र तथा श्रौतयज्ञों की नियमित व्यवस्था थी। देवराय द्वितीय ने वेदवेदाङ्ग

---

[1] Extract from Epigraphia Indica, Vol. No. XVIII, (१९२५-२६), pp. २५९. .............पुलकेशि-पृथिवीवल्लभ-महाराजः सन्मानयति............. मुगमुर्-वास्तव्य-शाण्डिल्यगोत्रस्य आपस्तम्बसूत्रस्य विप्रस्य वेदशर्मणः कर्मराष्ट्रे इर्बुलिग्रामे अष्टशतं क्षेत्रं दत्तम्, बलाकपल्वलात् पूर्वतः कर्मकारताटाकाते पश्चिमतःकोण्डवेरुपुरपथात् दक्षिणतः विर्परुपथादुत्तरतः ..... Koppalam Plates of Pulikeshin-II (१०th October ६३१ AD). Irbuli village is identified between Kondavidu and Vipparla villages of the Narsarao Pet taluk of Guntur district.

[2] Extract from Epigraphia Indica, Vol. No. XVIII,(१९२५-२६), pp. ५६-५७; विदितमस्तु वो यथा- आसनपुरस्थाननिवासिनो घटिकासामान्य-सपदक्रमानुक्रमाधीतवेदद्वयस्य सकल्पोपनिषत्पुराणेतिहासानेकधर्मशास्त्रविदो मण्डशर्मणः पौत्राय, स्वपितुरधिकगुणसम्पद्गणोपार्जितांशेनात्मनोऽन्वयम् अलमलङ्करिष्णोः अग्निष्टोमयाजिनः शिवरुद्रशर्मणः पुत्राय, द्विवेदाध्यायिने यज्ञागमोपनिषन्मन्त्रार्थेतिहासपुराणधर्मशास्त्रविमलीकृतविनीतमतये हारीतसगोत्राय तैत्तिरीयसब्रह्मचारिणे काटिशर्मणे कार्तिकपौर्णमास्यां मातापित्रोरात्मनश्च यशःपुण्याभिवृद्धये सम्प्रत्तोऽयं निडुपरु-नामग्रामः॥ नास्य बाधा करणीया। Niduparu (Nidamarru village, Near Gunturu, Andhra Pradesh) Grant of Jayasimha-I. (Chalukya King)

[3] Extract from Epigraphia Indica, Vol. No. XVIII,(१९२५-२६), pp. ३५१, ......श्रीमान् तिक्कचमूपतिः प्रविततं तेष्वग्रहारं शुभं विप्रेभ्यः फलशालिशाखिसहितं पञ्चाशते प्राददात्। २०॥ अस्मिन् गरवपाडाख्ये भागिनामग्रजन्मनाम्। नामगोत्राणि लिख्यन्ते विदुषां वेदवेदिनम्॥२१। Garavapadu Grant of Ganapatideva. Saka ११८२ (१२६० AD)

पारंगत ब्राह्मणों को भूमि-दान, धान्य तथा निवास की व्यवस्था प्रदान की। तैत्तिरीय-यजुष् ब्राह्मणों को ग्रामदान का उल्लेख शिलालेखों[१] में मिलता है। इन दानों का उद्देश्य अग्निहोत्र, दर्शपूर्णमास, चातुर्मास्य तथा अन्य श्रौतयज्ञों की निरन्तरता बनाए रखना था। कृष्णदेवराय[२] के समय यह

---

१ *South Indian Inscriptions*, Vol. VIII, No. ४०२, पं .६–१५

२ Extract from Epigraphia Indica, Vol. No. XVIII,(१९२५-२६), pp. १६३-१६४
सुधीभिः स विजयनगरे रत्नसिंहासनस्थः क्ष्मापालान् कृष्णरायक्षितिपतिरधरीकृत्य नीत्या....शालिवाहननिर्णीते शकाब्दे सचतुश्शतैः।
षड्त्रिंशता च संयुक्तैः संख्याते दशभिः शतैः। २९॥ (१४३६ शकाब्द=१५१४-१५ AD)
भावसंवत्सरे मासकार्तिके बुधवासरे। गोद्वादश्यां च पुण्यायां भरण्यां समये शुभे॥३०॥
तुङ्गभद्रापगातीरे हेमकूटोपशोभिते। श्रीविरूपाक्षदेवस्य संनिधौ मुक्तिदायिनि॥ ३१॥
आत्रेयगोत्रजाताय वरापस्तम्बसूत्रिणे। यशस्विने यजुश्शाखाध्यायिने गुणशालिने॥३२॥
षड्दर्शन्यम्बुधेः पारदृश्वने श्रुतिशोभिने। श्रीमद्वरदराजार्यसूनवे सूनृतोक्तये॥३३॥....
पुरुषाय सरस्वत्यै पुण्यशीलाय धीमते। अल्लालभट्टवेषाय शेषाय गुरवे धिया। ३५॥
चोलमण्डलराज्यान्तर्भूतदक्षिणरोधसि। पुण्ये कवेरकन्याया दृश्यमाननिजस्थितिम्।३६॥..........
कृष्णरायपुरं चेति प्रतिनाम समाश्रितम्।४०॥........ वापीकूपतटाकैश्च कच्छेनापि समन्वितम्।
पुत्रपौत्रादिभिर्भोग्यं क्रमादाचन्द्रतारकम्॥४३॥ Two Copper Plate Grants of Krishnadevaraya. This is dated Shaka १४३६ corresponding to १५१४-१५ AD. Extract from Epigraphia Indica, Vol. No. XVIII,(१९२५-२६), pp. १६३-१६८.
सुधीभिः स विजयनगरे रत्नसिंहासनस्थः क्ष्मापालः कृष्णरायः क्षितिपतिरधरीकृत्य नीत्या....॥२५॥
शालिवाहननिर्णीते शकाब्दे सचतुश्शतैः। पञ्चाशद्वर्षकैर्युक्तैः संख्यातं दशभिः शतैः। २६॥ (१४५० शकाब्द=१५२८-२९ AD)
सर्वजिद्वत्सरे श्लाघ्ये कार्तिक्ये चन्द्रवासरे। उत्थानद्वादशीनाम्नि पुण्यकाले शुभे दिने॥२७॥
तुङ्गभद्रानदीतीरे विरूपाक्षस्य संनिधौ। अग्रहारचिकीर्षायां परमप्रीतिमांस्तदा। २८॥
विचित्राणि च गोत्राणि सूत्राणि विविधानि च। शाखाश्च विविधास्तानि नामानि विविधानि च। २९॥
बिभ्राणेभ्यो द्विजातिभ्यो वेदविद्भ्यो विशेषतः। भूदानपात्रभूतेभ्यो विश्रुतेभ्योऽधिमेदिनि॥ ३०॥
चोळमण्डलसम्बन्ध-तिरुवाळूरिसीमनि। शुत्तवळीचोळवळनाडु-आळंगुडिस्थले॥३१॥
कावेरीदक्षिणदिग्भागे सर्वसस्योपशोभिते। मानावरी च नल्लूरु प्राचीं दिशमुपाश्रितम्॥३२॥
कोगरायाख्यनल्लूरुदक्षिणस्यां दिशि स्थितम्। तिरुकळं श्रीबुदुरुपश्चिमायां दिशि स्थितम्॥३३॥
वेलांगुडिवरग्रामादुदीचीं दिशमाश्रितम्॥ ऋषिनद्याख्यतत्तीरग्रामात् पश्चिमतः स्थितम्॥३४॥
वडंबूरि समं नाम एकाम्बरपुरं तथा। प्रतिनाम **कृष्णरायपुर**मित्यभिशोभितम्॥३५॥
ग्रामग्रासार्थमस्यैव चारुग्राममहीतलम्। तद्ग्रामपूर्वदिग्भागे सुक्षेत्रावलिमालकम्॥३६।.....
अक्षिण्यागामिसंयुक्तं समस्तवलयान्वितम्।३७॥ पुत्रपौत्रादिभिर्भोग्यं क्रमादाचन्द्रतारकम्।
सहिरण्यपयोधारापूर्वकं दत्तवान्मुदा।३८॥ तत्र द्वाविँशतिं वृत्तिं कल्पयित्वा समाहितः।
वृत्तिमन्तो विलिख्यन्ते वेदवेदाङ्गपारगाः॥३९॥ स्वग्रामदेवयोश्चैव शैववैष्णवयोरपि।
पूजानैवेद्यभोगार्थं वृत्तिराद्या समर्पिता॥४०॥.....Two Copper Plate Grants of rishnadevaraya.

व्यवस्था और अधिक सुदृढ हुई। उन्होंने वेदपाठशालाओं के लिये नित्यवेतन, अन्नदान-सत्र तथा यज्ञोपकरणों के लिये भूमिदान एवं निधि स्थापित की।तिरुमल-तिरुपति क्षेत्र में यजुर्वेदीय वेदपारायणकर्तृ विप्रों के लिये नियमित वृत्तिदान का उल्लेख है[१]। नागलापुर अग्रहार में "तैत्तिरीय-यजुषां" का स्पष्ट उल्लेख है[२]। श्रीरंगम् में अग्निहोत्रियों और वेदपारायणकर्तृ हेतु भूमि एवं उस से अन्न निधि[३] की स्थापना की गई थी। काञ्ची क्षेत्र में वेद-वेदाङ्ग अध्ययनार्थ ब्रह्मदेय[४] रूप में ग्रामदान का उल्लेख है। शिलालेखों से स्पष्ट है कि विजयनगर राजाओं के संरक्षण में कृष्णयजुर्वेद की तैत्तिरीय शाखा को दक्षिण भारत में सुदृढ संस्थागत आधार मिला। अग्रहार-ब्रह्मदेय व्यवस्था, नित्यभृत्य, धान्यनिधि तथा यज्ञपरम्परा के पुनरुत्थान ने वैदिक स्वर-परम्परा को सुरक्षित रखा। रेड्डी राजाओं में विशेषतः प्रोलय वेम रेड्डी, अनवेम रेड्डी, कुमारगिरि रेड्डी तथा पेद्दकोमटि वेम रेड्डी के नाम विशेष उल्लेखनीय हैं। इन राजाओं ने राजमहेन्द्रवरम्, विजयवाड़ा तथा कृष्णा–गोदावरी तटवर्ती क्षेत्रों में तैत्तिरीय शाखा के कृष्णयजुर्वेदीय ब्राह्मणों को अग्रहार और ब्रह्मदेय ग्राम प्रदान किये। आंध्रप्रदेश के विविध प्रसिद्ध गोत्र जैसे कौण्डिन्य, काश्यप, भारद्वाज, आत्रेय के विप्रों को रेड्डीराजाओं ने आश्रय दिया और वैदिक परम्परा का संवर्धन किया[५]। उनके आश्रय में अग्निहोत्र,

---

This is dated Shaka १४५० corresponding to १५२८-२९ AD.

[१] Epigraphia Indica, Vol. XII, No. ४५, पं. ८–१६ .

[२] South Indian Inscriptions, Vol. IV, No. २३४, पं. १२–२०

[३] *Epigraphia Indica* Vol. XV, No. १०२, पं .१०–१८

[४] *South Indian Inscriptions* Vol. VII, No. ३१२, पं .५–१४.

[५] Extract from Epigraphia Indica, Vol. No. XXVI,(१९४१-४२), p.१७-४७, **आन्ध्रस्थलीमकुटरत्नमकारि येन चोडान्न**देवधरणीतलनायकेन.... पल्लूरिशैलवरपश्चिमसीम्नि गङ्गातीरेऽन्न-**देववरनाम**-महाग्रहारः।पुण्येन येन समदायि महाजनेभ्यः चोडान्नदेवधरणीपतिरेष भाति।..... श्रीकूर्चनार्यतनयः **शिंगयनामा द्विजेन्द्रः** इह भागी ॥२९॥ **कौण्डिन्यगोत्राब्धियुधामयूखः** कोवूरि-रामात्मज-रामचन्द्रः।आचारवाना**गमतत्त्वदर्शी** भागी हि मृत्युञ्जयपादभक्तः।३०॥ **कौण्डिन्यगोत्रा**म्बुजसूर्यतेजाः श्री**भास्करः**श्रीनृहरेस्तनूजः। **साङ्गागमे** सञ्चितकीर्तिरत्र भागी सदाचारवतां वरेण्यः॥३१॥ **श्रीका(चि)शिभट्टतनयः काश्यपगोत्राब्धि**पूर्णहिमरश्मिः। नारायणोऽत्र भागी ज्योतिश्शास्त्रैक-मर्मतत्त्वज्ञः॥३२॥ श्रीगूडपर्तिवल्लभतनयः श्रीयौभलेन्द्रनामात्र। भागी **काश्यप**गोत्रः पुण्यस्सन्मार्गचन्द्रमा विद्वान्॥३३। आत्रेयगोत्रतिलको विजयनामा द्विजातिवरसूनुः। यजुरर्णवचन्द्रयशा वरदयनामात्र भागवान् विप्रः॥३४॥ श्रीरामादिमसिंगतनयो गङ्गाधरेन्द्रविप्रेन्द्रः। कौण्डिन्यगोत्रपात्रं भागो यजुषां निधानमिह पुण्यः॥३५॥ श्रीगौरयविप्रेश्ववरतनयः श्री सिंगनाङ्वयो विद्वान्। श्रीरामादिवसिंगयतनयो गङ्गाधरेन्द्रविप्रेन्द्रः। कौण्डिन्यगोत्रपात्रं भागो यजुषां निधानमिह पुण्यः॥ ३५॥ श्रीगौरयविप्रेश्वरतनयः श्रीसिंगनाह्वयो विद्वान्। भारद्वाजकुलाम्बुज-भानुयशाः भगवानत्र।३६॥ आदित्यावनिदेवप्रियतनयः परितवंशपद्मार्कः। **याजुष**मणिरत्नाकरतेजाः पुरुषोत्तमोऽत्र लब्धांशः।३७। चिंणिपि-कूचय-भूसुरनन्दनो हरितवंशमहार्णवचन्द्रमाः॥ सकलशास्त्ररहस्यविदंशवानिह हि तल्लयनाम सुधीश्वरः॥३८॥ कौण्डिन्यवंशार्णवचन्द्रमूर्तिः श्रीयन्नमक्ष्मा-सुरनन्दनोऽत्र। विश्वेश्वरो याजुषभाग्यदैवं लब्धांशवानत्र सतां वरेण्यः।३९॥गोपालभट्टात्मज एष पुण्यः श्रीयन्नमाख्यो हरितान्यवायः।ज्योतिर्विदग्रेसरकीर्तिरत्र

दर्शपूर्णमास तथा अन्य श्रौतयज्ञों की परम्परा पुनर्जीवित हुई। मन्दिरों और वेदपाठशालाओं को धान्य एवं भूमि-दान देकर वेदाध्ययन की संस्थागत व्यवस्था को सुदृढ किया गया। इससे कृष्णयजुर्वेद की स्वर-परम्परा उस क्षेत्र में दीर्घकाल तक सुरक्षित रही, अभी भी निरन्तर सुरक्षित है। इस प्रकार काकतीय राजाओं, विजयनगर राजाओं एवं रेड्डीराजाओं के विशेष प्रयत्न से इस काल खंड में कृष्णयजुर्वेदीय तैत्तिरीय शाखा के संरक्षण और प्रसार का एक महत्त्वपूर्ण ऐतिहासिक चरण आन्ध्र प्रदेश के कृष्णा एवं गोदावरी तटवर्ती स्थानों पर प्राप्त होता है। इससे यह ज्ञात होता है कि यजुर्वेदीय शाखाओं का एक सुव्यवस्थित नेटवर्क विविध स्थानों में विशेषतः दक्षिण भारत में था। नायक-राजवंश के प्रोलय नायक राजा का पूर्व गोदावरी जिला, पीठापुरम् के समीप कण्डराडा गांव के विलस-ताम्रपट्ट में ऋग्वेद एवं कृष्णयजुर्वेदी के अस्सी वेदपाठियों को भूमिदान का उल्लेख है[१]।

---

लब्धांशवानागमपारदृश्वा। ४०॥ मुंजपिंगगङ्गाधरवरतनयःकौण्डिन्यवंशवार्धेन्दुः। अन्नयनामा भागी यजुषां निधिरत्र संमताचारः।४१॥ श्रीभारद्वाजान्वयवल्लभधरणीसुरात्मजः पुण्यः। लक्ष्मणनामा विप्रः वेदविदंशवान्धन्यः॥४२॥ सादप्पुलविबुधवरो वल्लभहृदयाब्जभानुमान्पुण्यः। कौण्डिन्यवंशतिलको भागी वेदैकमूर्तिरिह साधुः।४३॥ श्रीमन्नागयविद्वत्तनयो निगमैकमूर्तिरिह भागी। दुंडिगडनागनामा काश्यपगोत्राब्धिपूर्णिमाचन्द्रः।४४॥ श्रीराजुकोंडमलयतनयः श्रीमल्लिकार्जुनाख्यानः। काश्यपगोत्रपवित्रो भागी निखिलागमैकतत्वज्ञः॥ ४५ ॥ मंडुकूरिलक्ष्वनाख्यो मनायो विदुषां समस्तशात्रज्ञः। भारद्वाजकुलार्णवचन्द्रो भागीह वेदतत्त्वज्ञः॥४६॥कोललपल्लिपुरादिमसिंगतनयो यजुर्निधिः पुण्यः। श्रीकृष्णद्विजनामा काश्यपगोत्रो गृहीतभागोऽत्र।४७॥ **श्रीकंदुकूरि**यौभळतनयः श्रीरामनामात्र भागी। **यजुष**मणिगणजलधिर्हरितान्वयावतंसयशाः॥४८॥ श्रीकृष्णमय्यतनया यजुराकरबुद्धिरमितगुणकान्तिः।श्रीमाननन्तनामा भागी श्रीवत्सवंशार्धेन्दुः॥४९॥ श्रीभारद्वाजकुलो देवयधरणीसुरात्मजः पुण्यः।औभळनामा भागी यजुरध्ययनैकशुद्धबुद्धिरिह।५०॥ श्रीसर्वदेवतनयाय जनार्दनाय कौण्डिन्यगोत्रतिलकाय महाजनेद्राः। ते सर्व एव समुदीरितशासनाय स्वीयैकभागसदृशं व्यतरन्निहांशम्॥५१॥ Rajahmundry Museum Plates of Telugu Choda Annadeva (१४१६ AD).

१ Extract from Epigraphia Indica, Vol. No. XXII (१९५७-५८), pp. २४०-२६८. ८० Brahmins of various Gotras and Veda Shakhas are listed from page no from २५७-२६८. These copper plates belong to १३३० AD. …………..निश्चित्य तं प्रोलनृपोऽतिपात्रं संप्रर्थयद्ग्रामवरं ग्रहीतुम्।...............ततोऽनु गोदावरीतुष्टचेता ग्रहे विधोः प्रादिशदग्रहारम्। कोणावनीमण्डसारभूतं ग्रामं स तस्मै विलसाभिधानम्। विभान्ति यस्यातिपचेलिमानि क्षेत्राणि शालीक्षुवनोचितानि। आरामभागाश्च भुजङ्गाम्रपूगीपनसादिरम्याः।........................अनेकशास्त्राणवकर्णधारान् वेदाध्वसंलघनजाङ्घिकान् सः। प्रसिद्धशीलाचरणानाभिजात्यान्। अयुथद्विप्रवरांश्चिरेण।.................. अतात्र भागिनं नाम-शाखादि-गोत्रवर्गशः। प्रवर्ण्यते समासेन भागसङ्ख्या च भागिनाम्।७२॥....... श्रीउपाध्याय देचिभट्टः पदवाक्यप्रमाणवित्। मल्लिकूचिर्मनीषी च याजुषौ कपिगोत्रजौ। पेद्दभावनभट्टश्च पाणिनश्शब्दशासने। ....................याजुषा आर्चा एकस्तु पेद्दयाध्यापकोत्तमः। षड्विंशतिद्विजा एते भारद्वाजकुलोद्भवाः। .......यजुरम्बुधिपारज्ञौ गुरुतन्त्रविशारदौ।...................तेंगलपल्ल्यभिजनः पोचनाध्यापकोत्तमः। मारयश्च यजुश्शूरौ द्वौ

भारत के इतिहास में इतनी बडी संख्या में वेदपाठियों के नाम एवं गोत्र उल्लेख सहित भूमिदान का यह प्रथम ताम्रपत्र है।

महाराष्ट्र के कराड, कोंकण क्षेत्र, नासिक के समीप कृष्णयजुर्वेदशाखा-हिरण्यकेशी-पद्धति के अनेक वेदपाठी प्राचीन काल से निवासी रहें हैं, आज भी हिरण्यकेशी-पद्धति के कई वेदपाठी वहीं हैं, वैदिक कर्म भी हिरण्यकेशी-पद्धति अनुसार ही करते हैं। मुण्डखेडे ताम्रपट्ट में कृष्णयजुर्वेदशाखा-हिरण्यकेशी-पद्धति के विप्र को सेन्द्रक जयशक्ति द्वारा भूमिदान का उल्लेख मिलता है[१]।

शुक्लयजुर्वेद की वाजसनेयी माध्यन्दिनशाखा का विस्तार मुख्यतः संपूर्ण उत्तर भारत में विविध स्थानों पर निरन्तर था, जिसका उल्लेख ताम्रपत्रों में प्राप्त है। उत्तर में काश्मीर से लेकर महाराष्ट्र-कर्णाटक तक पश्चिम में गुजरात से लेकर पूर्व में मणिपुर तक विविध प्रदेशों में ऋग्वेद पाठ प्रचलित था। जितने ताम्रपत्र एवं शिलालेखों में (द्वि) द्विवेदी (त्रि) त्रिवेदी (च.) चतुर्वेदी नाम पूर्व में उल्लेख है, वे सभी परम्परा से प्राप्त स्वशाखा के साथ साथ अन्यवेद के पाठी भी थे। अनेक ताम्रपट्टों में शुक्लयजुर्वेद की वाजसनेयी माध्यन्दिनशाखा के विप्रों द्वारा वेद संरक्षण एवं वेद पाठ अनेक ताम्रपत्रों में उल्लिखित है। आज के मालव प्रांत के प्राचीन राजा पारमारराजा जयसिंह जयवर्मा के (उस समय का धारा के राजा) ताम्रपट्ट[२] में ऋग्वेद-वाजसनेयी-माध्यन्दिनशाखाध्यायी ऋग्वेद

---

शाण्डिल्यकुलोद्भवौ।.. अशीतिरेवमभवन् प्रतिग्रहयुजो द्विजः॥१०८॥.......................प्रोलानेनि व्रालु. (Signatures of Prola) Vilasa Grant of Prolaya Nayaka.

१ Extract from Epigraphia Indica, Vol. No. XXIX(१९५१-५२), pp. ११६. कुन्दलिकामलविषयान्तर्गत**सेणाणा** एष ग्रामः.......कल्लिवन-वास्तव्य-काश्यपसगोत्रतित्तिरिक-हिरण्यकेशिब्राह्मणरेवस्वामिसूनोर्बप्पस्वामिने बलिचरुवैश्वदेवाग्निहोत्रपञ्चमहायज्ञादिक्रियोत्सर्पणार्थं मातापित्रोरात्मनश्च पुण्ययशोऽभिवृद्धये.......उदकातिसर्गेण प्रतिपादितः.... Mundakhede Plates of Sendraka Jayashakti, Saka ६०२ (६८०-६८१ AD). Kundalikamala is present day Kundalgaon, १४ miles west of Nandgaon in western boarder of Khandesh area. There is a village called Saundana which is १० miles away from Nnadgaon. Kallivan is present day Kalvan taluk of Nasik District.

२ Extract from Epigraphia Indica, Vol. No. XXII (१९५७-५८), pp. १५३.नानागोत्रेभ्यो नानानमभ्यो ब्राह्मणेभ्यो मान्धातृ-ब्रह्मपुरीवास्तव्येभ्यो ब्राह्मणेभ्यो यथा टकारीस्थानविनिर्गताय गौतमसगोत्राय अङ्गीरस-औतथ्य-गौतमेति त्रिप्रवराय **ऋग्वेदशाखा**ध्यायिने च.(चतुर्वेदि) कमलाधरशर्मणः पौत्राय, अव(अवस्थि) विद्याधरशर्मणः पुत्राय, (द्वि) द्विवेदि-पद्मनाभशर्मणे ब्राह्मणाय, टकारीस्थानविनिर्गताय गौतमसगोत्राय अङ्गीरस-औतथ्य-गौतमेति त्रिप्रवराय **ऋग्वेदशाखा**ध्यायिने च. (चतुर्वेदि) कमलाधरशर्मणः पौत्राय, अव(अवस्थि) विद्याधरशर्मणः पुत्राय, च. (चतुर्वेदि) माधवशर्मणे ब्राह्मणाय.........................................तोलापौहस्थानविनिग्रताय चन्द्रात्रेयसगोत्राय आत्रेय-गाविस्थिर-पूर्वातिथेति-प्रवराय (द्वि) द्विवेदि-श्रीवत्सशर्मणः पौत्राय, (द्वि) द्विवेदि-श्रीदेवशर्मणः पुत्राय, **माध्यन्दिनशाखा**ध्यायिने...................................................... टकारीस्थानविनिर्गताय सावर्णिसगोत्राय भार्गव-च्यवन-आप्नवान-और्व-जामदग्न्येति पञ्चप्रवराय च. (चतुर्वेदि) वासुदेवशर्मणः पौत्राय, च(चतुर्वेदि)

यजुर्वेद (माध्यन्दिन मात्र) सामवेद (कौथुम) के चौदह विप्रों को चार गांवों में भूमिदान का उल्लेख है । आंध्रप्रदेश के तेक्काली ताम्रपत्र में भी वाजसनेयीशाखा का उल्लेख है[1]। ओडिशा के भंजवंश के राजाओं के ताम्र शासन में वाजसनेयी माध्यन्दिन शाखा का उल्लेख है[2]। गंजाम के अभिलेख में वाजसनेयी काण्वशाखा[3] का स्पष्ट उल्लेख प्राप्त होता है। चालुक्य विक्रमादित्य प्रथम के अमुदलपाडु ताम्रपत्र[4] में सत्ताईस विविध गोत्र एवं वेदशाखा के ब्राह्मणों को भूमिदान का उल्लेख है। इसमें सुदर्शनचार्य द्वारा संपन्न राजा चालुक्य विक्रमादित्य प्रथम के शिवमंडलदीक्षा (शैव दीक्षा) का वर्णन

---

लक्ष्मीधरशर्मणः पुत्राय, कौथुमसाखाध्यायिने............. Mandhata Plates of Paramara Jayasimha Jayavarman, Vikram Samvat १३३१, (१२७४ AD). The object of the copper plate record is grant of land by Ananyasimha Deva while he was staying in Mandapadurga (Mandu) with the permission of Jayavarman alias Jayasimha (lord of Dhara). The four villages mentioned are (१) Kumbhadauda Grama in Vardhanapura Pratijagaranaka (२) Valauda Grama in Vardhanapura Pratijagaranaka (३) Vaghaudi Grama in Vardhanapura Pratijagaranaka (४) Natiya Grama in Nagadaha Pratijagaranaka.

१ Extract from Epigraphia Indica, Vol. No. XVIII,(१९२५-२६), pp. ३०९. ……गरखोन्नवास्तव्याय शाण्डिल्यसगोत्राय वाजसनेयसब्रह्मचारिणे वेदवेदाङ्गपारगाय स्कन्दशर्मणे सम्प्रत्ता। Tekkali Plates of Danarnava's Son Indravarman

२ Extract from Epigraphia Indica, Vol. No. XVIII,(१९२५-२६), pp. २९९. भूमिदानविधानेन मातापित्रोरात्मनश्च पुण्ययशोऽभिवृद्धये पट्टवाडपाटक-वास्तव्याय भारद्वाजगोत्रायाङ्गिरसबार्हस्पत्यभारद्वाजत्रिप्रवराय **यजुर्वेदाध्यायिने माध्यन्दिनशाखाय** अनन्तकण्ठपण्डितपौत्राय ज्यौतिषिकश्रीधरपौत्राय श्रुतिस्मृति-ज्योतिश्शास्त्र-विद्याधरपुत्राय श्रौतस्मार्तकर्मनिपुणज्योतिश्शास्त्रैकधीर-दीक्षितजगद्धरशर्मणे हस्तोदकेन प्रदत्तः॥ Antirigam Plates of Yashobhanja Deva. (Four Bhanja Copper Plate Grants of Ganjam, Odisha, Ref. page No ३००-३०१)

३ Extract from Epigraphia Indica, Vol. No. XVIII,(१९२५-२६), pp. २९३. रातङ्गग्रामश्चतुस्सीमापरिच्छिन्नोऽस्माभिः मातापित्रोरात्मनश्च पुण्ययशोऽभिवृद्धये। वाजसनेयचरणाय। **काण्वशाखाय**।कौशिकगोत्राय अघमर्षणप्रवराय विश्वामित्रवत् अनुप्रवराय अइचदेवस्य नप्ता जनदेवस्य सुतः अग्निहोत्री गोलशर्मा, च्यवनवत् आत्मना और्वजमदग्निश्चानुप्रवरः....... विधिना प्रतिपादितोऽस्माभिः॥ Ganjam Plates of Netribhanjadeva, १२th Century AD.

४ Epigraphia Indica, Vol. No. XXII (१९५७-५८), pp. १७४-१८४. इस ताम्रपत्र का काल है ६६० AD.। यह अमुदलपाडु आज का तेलंगाणा राज्य के मेहबूबनगर डिस्ट्रिक्ट में आलमपुर तालुक में है। इपरुंकल्-नामा ग्रामः सर्वपरिहारमुदकपूर्वँ दत्तः आचार्येणापि ब्राह्मणेभ्यो दत्तः । रुद्रशिवाचार्य-काश्यपगोत्र-कौण्डिन्यगोत्रगायत्रीशिव-हारीतगोत्र-...................भालन्दानगोत्र-दामस्वामि....काश्यपगोत्र-दामोदरस्वामि.......................भारद्वाजगोत्रमादुशर्म....Amudalapadu Plates of Vikramadtya-I (६६० AD.)

है। यह बादामी वंश में शैव संप्रदाय अनुसरण का प्रतीक है। रुद्रशिवचार्य सहित 27 विविध वेदशाखा पाठी ब्राह्मणों को इपरुंकाल गाँव गुरु-दक्षिणा के रूप में वितरित किया गया था।

**सामवेद शाखाध्यायियों का अभिलेखीय प्रमाण**

सामवेद की कौथुम शाखा का उल्लेख भारत के ताम्रपत्रों[१] में विविध स्थानों पर जैसे राजस्थान, महाराष्ट्र, तथा पूर्व में उत्तरप्रदेश, बंगाल[२] तक प्राप्त होता है। विविध स्थानों पर छान्दोग्य परम्परा के ब्रह्मचारी सामवेदपाठी दक्षिण भारत में दानग्राही के रूप में उल्लिखित हैं। इससे यह स्पष्ट होता है कि सामवेदीय शाखाएँ भी भौगोलिक रूप से भारत में विविध स्थानों पर व्यापकरूप में थीं और उन्हें राजाश्रय प्राप्त था।

**अथर्ववेद शाखाध्यायियों का अभिलेखीय प्रमाण एवं चतुर्वेदी परम्परा**

---

१ Extract from Epigraphia Indica, Vol. No. XVIII, (१९२५-२६), pp. २२१-२. सोऽयं समस्तराजचक्रसंसेवितचरणः.....कान्यकुब्जाधिपतिः...परममाहेश्वर-श्रीमद्गोविन्दचन्द्रदेवो विजयते। अलापपत्तलायां सपाटक-**कोणावडग्रामे** ......................मातापित्रोरात्मनश्च पुण्ययशोऽभिवृद्धये यथोपरिलिखितग्रामः ......अस्माभिः **द्रोणायणशाखीय-वत्सगोत्राय भार्गव-च्यवन-और्व-जामदग्न्य-आप्नवान-पञ्चप्रवराय छन्दोगशाखिने** भट्टश्रीनरसिंहप्रपौत्राय भट्टश्रीजान्तापौत्राय ....आचन्द्रार्कं शासनीकृत्य दत्तः। Don Buzurg Plates of Govinda Chandradeva, Vikrama Samvat ११७६ (१११९-२० AD) The Don Buzurg is near Mairwa Railway Station in Sivan Dist of Bihar. This Don Buzurg refers to Drona-ka-Ghar.

Extract from Epigraphia Indica, Vol. No. XVIII,(१९२५-२६), pp. ५६-५७; स्वस्त्यस्यां पृथिव्याम् अप्रतिरथे नृगनहुषययात्यम्बरीषसमधृतौ महाराजाधिराजश्रीसमाचारदेवे प्रतपति................... सुप्रतीकस्वामिना....................बहवः प्रधाना व्यवहारिणश्च विज्ञप्ता "इच्छाम्यहं भवता प्रसादाच्चिरावसन्नभूखण्डमेकं **बलिचरुसत्त्रप्रवर्तनाय ब्राह्मणोपयोगाय च ताम्रपट्टीकृत्य तदर्हथ प्रसादं कर्तुम्.."** **Ghugrahati Copperplate Inscription of Samachara Deva** (Before ६th Century AD) Moghalmari in the Midnapore district of Wes Bengal.

२ **Extract from Epigraphia Indica, Vol. No. XXVI,(१९४१-४२), p. ९;** श्रीमाल्लक्ष्मणसेनमूर्तिरजनि क्ष्मापालनारायणः।...१०॥...............बुद्धदेवशर्मणः प्रपौत्राय, जयदेवशर्मणः पौत्राय, महादेवशर्मणः पुत्राय मौद्गल्यसगोत्राय और्व-च्यवन-भार्गव-जामदग्न्य-आप्नवान-प्रवराय **सामवेदकौथुमशाखा**-चरणानुध्यायिने पाठकश्रीपद्मनाभशर्मणे पुण्येऽहनि विधिवदुदकपूर्वकं..........ग्रामः........... प्रदत्तः..... India Office Plate of Lakshmanasena (AD ११९७), Extract from Epigraphia Indica, Vol. No. XXVI,(१९४१-४२), p.१३५

महाराजोमावर्मा महेन्द्रबोगे कुट्टरग्रामे................मातापित्रोरात्मनश्च पुण्ययशोऽभिवृद्धये वत्सगोत्राय **छान्दोग्यसब्रह्मचारिणे** ब्राह्मणखल्लस्वामिने आसहस्रांशु-शशि-तारक-प्रतिष्ठं अग्रहारं कृत्वा... Dhavalapeta(१२ miles Vishakhapatnam) Plates of Maharaj Umavarman (Early ५Th Century AD)

अथर्ववेदीय विप्रों के विषय में शिलालेख प्रमाण चौथी और पांचवीं सदी के मध्य से और दक्षिणी एवं पश्चिम भारत के कुछ भागों से प्राप्त होते हैं। उन स्थानों में अथर्ववेदपाठी ब्राह्मणों को गांव और भूमि अनुदान जारी करने की शिलालेख परंपरा का उल्लेख है। छठी और सातवीं सदी से लगातार ताम्र पट्टों का शिलालेखीय उपयोग निरन्तर परिलक्षित होता है, अनेक अभिलेखों के प्रमाण से यह विषय स्पष्ट है। भारतीय उपमहाद्वीप में लगभग बहुतायत स्थानों पर राजाओं द्वारा लेखीकृत ताम्र पट्ट पाये जाते हैं, उन में विविध वेदपाठी विप्रों को दिये गये भूमि का उल्लेख है । मध्य प्रदेश, महाराष्ट्; गुजरात, गोवा, उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, उडीसा, बंगाल, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु एवं भारत के बाहर बांग्लादेश के विविध स्थानों में अथर्ववेदीय विप्रों पर शिलालेखीय उल्लेख[१] प्राप्त होता है।

पूर्व में उल्लिखित चालुक्य विक्रमादित्य प्रथम के अमुदलपाडु ताम्रपत्र में सत्ताईस विविध गोत्र एवं वेदशाखा के ब्राह्मणों को भूमिदान का उल्लेख है। इस ताम्रपत्र में इपरुंकल्-नामा गांव में भालंदान गोत्री वेदपाठी विप्र का उल्लेख है। यह गोत्र अथर्ववेदीय पैप्पलाद् शाखा में पाया जाता है। बंगाल के पालवंश के राजाओं के अधीनस्थ बेल्व नामक स्थान से प्राप्त तृतीय विग्रहपाल राजा के ताम्रपट्ट से ज्ञात होता है कि "लोवणिकाम" नामक गांव के कुछ भूखण्ड को तृतीय विग्रहपाल राजा ने भारद्वाज गोत्रोत्पन्न, भारद्वाज-आंगीरस बार्हस्पत्य प्रवरवाले, वेल्लावाग्राम निवासी श्रीजयानन्ददेवशर्मा नामक पैप्पलादशाखाध्यायी विप्र को दान में दिया था[२]। वह वेल्लावाग्राम

[१] Schmiedchen, A. (२००७) *Epigraphical evidence for the history of Atharvavedic Brahmins*. Griffiths, A. & Schmiedchen, A. (eds.) (२००७), *The Atharvaveda and its Paippalādaśākhā.* Historical and Philological Papers on a Vedic Tradition. Aachen: Shaker, pp. ३५५–३८४; Griffiths, A. *Aspects of the Study of the Paippalada Atharva Vedic Tradition:* Collection of essays on the Atharva Veda with special reference to its Paippalada tradition. Ed. A. Ghosh Kolkata: ३५–५४. Diskalkar, D.B. *Atharvaveda and Epigraphi*, १९५९-६०. Journal of the Asiatic Society of Bombay, New Series, ३४-३५, १९६२, ७५–८३. *Atharvaveda Brahmanas*. The Poona Orientalist २७.१/२, १९६३.

[२] Extract from Epigraphia Indica, Vol. No. XXIX (१९५१-५२), p.१२. 'श्रीपुण्ड्रवर्धनभुक्तौ फाणितवीथीविषयान्तःपाति-पुण्डरीकमण्डल-सम्बद्ध-अधुना हलकुलितार्ध-लोवणिकामह-ऋजु- खण्डीकृत-सार्ध- ......................विदितमस्तु। यथोपरिलिखितो ग्रामः.....मातापित्रोरात्मनश्च पुण्ययशोऽभिवृद्धये... - बुद्धभट्टारकमुद्दिश्य भरद्वाजसगोत्राय भारद्वाज-आङ्गीरस-बार्हस्पत्यप्रवराय-श्री अनन्तसब्रह्मचारिणे **पैप्पलादशाखाध्यायिने** मीमांसाव्याकरणतर्कविदे वहेडाग्रामविनिर्गताय वेल्लावाग्रामवास्तव्याय मित्रकरदेवप्रपौत्राय हृषीकेशदेवपौत्राय श्रीपतिदेवपुत्राय श्रीजयानन्ददेवशर्मणे विषुवत्संक्रान्तौ विधिवत् गङ्गायां स्नात्वा शासनीकृत्य

निवासी था, जो आज बंग्लादेश के दिनाजपुर मंडल, हिली रेलवे स्टेशन के समीप है। इस से यह स्पष्ट होता है कि अथर्ववेद अध्येताओं का भूगोल विस्तार आज का बंग्लादेश तक प्रसारित था।

अन्य कुछ अभिलेखों में ऋग्, यजुः, साम और अथर्व नामक चारों वेदों के विद्वानों का सामूहिक उल्लेख मिलता है, जिससे चतुर्वेदी परम्परा का अस्तित्व सिद्ध होता है। बासिम ताम्रपत्र में "चातुव्वेज्जग्गाम[१]" अर्थात् "चतुर्वेदिग्राम" का उल्लेख यह दर्शाता है कि ऐसे ग्राम चारों वेदों के विद्वानों के निवास और वैदिक शिक्षण के लिए स्थापित थे। राजमहेंद्रवरम् के अभिलेखों में उपलब्ध अनेक यजुर्वेदी विद्वानों की सूची से यह ज्ञात होता है कि एक ही अग्रहार में बहु-शाखीय अध्ययन होता था। यादव महादेव के काळुगांव ताम्रपत्र अनुसार काळुगांव नाम को बदलकर पटवर्धनपुर नाम किया गया तथा बावन (52) विविध गोत्री विप्रों को यादव महादेव के राज्याभिषेक महोत्सव में इस गांव को दिया गया[२]।

## गोत्र-प्रवर-सूत्र-शाखा : वैदिक शैक्षिक पहचान

---

प्रदत्तोऽस्माभिः भूमेर्दानफलगौरवात्॥' Plates of Vigrahapala III (१०५५-९० AD). Belwa lies a few miles west to the Hili railway station in Hakimpur Upazila in Dinajpur District of Rangpur Division in Bangladesh. It is very near to Bogra border.

१ Extract from Epigraphia Indica, Vol. No. XXVI, (१९४१-४२), p.१५२. स्वस्ति शान्तिवचने इहामुत्तिके धाम्मत्थाणे एत्थङ्गामे आधिवण्णकचरणस्स आद्धक भालन्दायणगोत्तेसि जिविज्जेसि, कपिञ्जलगोत्तेसि रुद्दज्जेसि। श्राविष्ठायणगोत्तेसि भाट्टिदेवज्जेसि।कोसिकसगोत्तेसि देअजेसि। कोसिकसगोत्तेसि विधिज्जेसि। **पैप्पलादिसगोत्तेसि** पितुजेसि । भालन्दायणगोतेसि चान्दजेसि । कोसिकसगोतेसि जेट्ठजेसि.........पुब्बरायाणुमते य से **चातुव्वेज्जग्गाम**-सज्जाता परिहारे वितराम। Basim Plates of Vindhyashakti-II (about ४०० AD). ***Note.*** *Half shares to Jivarya of Bhalandayana Gotra; Rudrarya of Kapinjala Gotra; Bhratrdevarya of Shravishthayana Gotra, Devarya of Kaushika Gotra; Vushnvarya of Kaushika Gotra; Vidhyarya of Kaushika Gotra;* ***Pitryarya of Paippalada Gotra;*** *Chandrarya of Bhalandayana Gotra; Jyeshtharya of Kaushika Gotra…......*चातुव्वेज्जग्गामसज्जाता =चतुर्वेदग्रामसञ्जाता=Born in a village where learned persons in four Vedas reside.

२ Extract from Epigraphia Indica, Vol. No. XXXII (१९५७-५८), p. ४२. शकनृपोपलक्षितसंवत्सराणां द्व्यशीत्यधिकेष्वेकादशसु शतेष्वतीतेषु (शकवर्ष ११८२ = २९th August १२६१ AD), वर्तमानदुर्मतिसंवत्सरान्तर्गतभाद्रपदद्वितीयायां सोमे...... कालुगांवनामधेयं ग्रामं पट्टवर्धनपुरापरनामधेयं नानागोत्रेभ्यो द्विपञ्चाशत्संख्याकेभ्यो ब्राह्मणेभ्यः प्रादत् श्रीमहादेवः। तत्र चैते ब्राह्मणाः। भारद्वाजतैत्तिरीयमाधवसुतपोतिः।बह्वृचशाण्डिल्यजोगदेवसुतलक्ष्मीधरः। बह्वृचशाण्डिल्यजोगदेवसुतप्रभाकरः।.............छन्दोगकाश्यपलक्ष्मीधरसुतगोविन्दः।........बह्वृचजामदग्न्यवत्स शार्ङ्गसुतहरिः। Kalegaon Plates of Yadava Mahadeva Plate-II

